आर0एन0आई0 पंजी0 सं0 - UPHIN/2014/60049

# अमर चेतना

वर्ष- 09, अंक- 25 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, शनिवार, 10 सितम्बर, 2022 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

## भ्रष्टाचारियों की संपत्ति कुर्क कर गरीबों के उपयोग में लाया जायेगा :मुख्यमंत्री योगी



**जौनपुर, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सरकार ने तय किया है कि भ्रष्टाचारी की संपत्ति को कुर्क करके सार्वजनिक उपयोग में लाया जाये, जिससे इसका इस्तेमाल गरीब कल्याण के कामों भी हो सके। योगी ने शुक्रवार को यहां लगभग 250 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने के लिये सरकार की जीरो' टॉलरेंस नीति' के कारण प्रदेश में कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं सकेगा, चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जितनी भी संपत्ति जुटाई है, उसे कुर्क करके उसका सार्वजनिक उपयोग किया जाएगा और गरीबों के उपयोग में भी लाया जाएगा। मुख्मंयत्री योगी ने यहां स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करने से पहले 258 करोड़ रुपये की लागत वाली 116 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के साथ ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां दंगा करने वाले जेलों में भेजे गये हैं। उन्हें एहसास कराया गया है कि दंगा कराने का परिणाम उन्हें तुरंत मिलेगा। इसके लिए सरकार ने कानून भी बना दिया है। योगी ने दावा किया कि पिछले पांच सालों से उनकी सरकार अपराध और अपराधियों के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों में भी ये स्वीकार हुआ कि उत्तर प्रदेश अब दंगामुक्त प्रदेश बन चुका है। उप्र के इस मॉडल को देश में अन्य राज्यों ने भी स्वीकार किया है। योगी ने कहा कि ब्रिटेन ने भारत पर 200 साल राज किया था। आज वही भारत अपनी आजादी के 75 वर्षों में उसी ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में पहली बार लगा कि स्वाधीनता दिवस का पर्व सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं है, बल्कि इसमें जन-जन की भागीदारी हुयी है। मुख्यमंत्री योगी ने स्वाधीनता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए 'पंच प्रण' से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हम लक्षित संकल्पों से जुड़कर अपने अपने क्षेत्र के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि चाहे वह छात्र हो, शिक्षक, किसान, उद्यमी, व्यापारी या समाज का कोई भी तबका हो, सबके मन मे 'देश प्रथम' का भाव होना चाहिए।

## महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामले में आनंद गिरी की जमानत खारिज



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या की बरसी के ठीक एक दिन पूर्व जेल में बंद आनंद गिरि को राहत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कई दिन तक सुनवाई करने के बाद आज उनकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मेरिट के अभाव की वजह से याची जमानत पाने का हकदार नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आनंद गिरि की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया।

इस मामले में सात सितम्बर को ही सुनवाई पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर नौ सितम्बर को फैसला सुनाने को कहा था। शुक्रवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। कोर्ट ने तकरीबन 50 पेज में अपना फैसला सुनाया है। इसके पहले कोर्ट में याची की ओर से दलील दी गई थी कि उसे केस में साजिशन फंसाया गया है। घटना से उसका कोई लेना देना नहीं है। घटना के दिन वह हरिद्धार में था और वह छह महीने से इलाहाबाद नहीं आया था। पूर्व में उसके और उसके गुरु महंत नरेंद्र गिरि के बीच जो भी विवाद था। उसे गुरु पूर्णिमा के दिन ही समाप्त कर लिया गया था। लेकिन, कोर्ट ने उनकी एक भी दलील स्वीकार नहीं की। कोर्ट ने सीबीआई की ओर पेश की गई दलीलों को स्वीकार की और आनंद गिरि की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। आनंद गिरि पर नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। हालांकि, हाईकोर्ट इस मामले में ट्रायल कोर्ट को शीघ्रता से केस की सुनवाई का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि वह मामले में जल्दी सुनवाई पूरी करे।

**विपक्षी एकता पर सुशील मोदी बोले**

## सभी लोग मिल जाएंगे तो भी नरेंद्र मोदी का मुकाबला नहीं कर पाएंगे



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** 2024 चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान जारी है। सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से तो यह साफ है कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार इस बार भी नरेंद्र मोदी होंगे। तो वही विपक्ष की ओर से कौन होगा। विपक्ष के कई नेता लगातार पीएम पद की दावेदारी के लिए खुद को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। नीतीश कुमार के पाला बदलने और राजद तथा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद वह भी विपक्ष की ओर से पीएम पद की रेस में शामिल हो गए हैं। हाल में ही वह दिल्ली दौरे पर पहुंचे थे जहां उन्होंने विपक्ष के कई नेताओं से मुलाकात की थी। इन सबके बीच बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने साफ तौर पर कहा है कि विपक्ष के सभी लोग एक साथ भी मिल जाए तो भी नरेंद्र मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते। अपने बयान में सुशील मोदी ने कहा कि हर कोई दावेदारी कर रहा है। राहुल जी अलग यात्रा निकाल रहे हैं, अरविंद केजरीवाल अलग यात्रा निकाल रहे हैं। नीतीश जी राजनीतिक पर्यटन पर निकले हैं। ये सभी लोग मिल जाएंगे तो भी नरेंद्र मोदी का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। सुशील मोदी का यह बयान ममता बनर्जी की उस टिप्पणी पर आया था जिसमें उन्होंने कहा था कि 2024 में हम बंगाल से एक खेल की शुरूआत करेंगे। हेमंत (सोरेन), अखिलेश (यादव), नीतीश (कुमार), मैं और अन्य साथी एकजुट होंगे, फिर वे (भाजपा) सरकार कैसे बनाएंगे? भाजपा सरकार की कोई जरूरत नहीं है। इन सबके बीच बिहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने नीतीश सरकार पर आरोप लगाया है। विजय सिन्हा ने साफ तौर पर कहा है कि बिहार में जल्द ही लालू यादव खुद की सरकार बनाएंगे।

## हाईकोर्ट ने सात लोगों की हत्या मामले में माफिया बृजेश सिंह को किया तलब

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 36 साल पहले वाराणसी के सिकरौरा में सात यादवों की हुई हत्या के मामले में माफिया बृजेश सिंह को तलब किया है। कोर्ट ने प्रतिवादी बृजेश को अगली सुनवाई 14 सितम्बर को पेश होने के लिए कहा है। कोर्ट ने मामले में मूल शिकायत कर्ता को भी उपस्थित रहने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति डॉ. कौशल जयेंद्र ठाकर और न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने श्रीमति हीरावती की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया था। मामले में याची की ओर से सत्र न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। सत्र न्यायालय ने अपने 2018 में दिए गए फैसले में आरोपितों को बरी कर दिया था। याची ने सत्र न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए जघन्य हत्या के मामले में बरी हो चुके बृजेश सिंह को सजा दिए जाने की मांग की है।

**राहुल के भारत जोड़ो यात्रा पर बोले अनुराग ठाकुर**

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट है देश, बिना भेदभाव के हो रहा विकास



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। इस यात्रा के जरिए कांग्रेस 2024 चुनैव को लेकर सियासी पिच भी तैयार करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा पर भाजपा लगातार वार कर रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एकजुट है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि राहुल जी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं मगर क्रूमोदी के नेतृत्व में देश एकजुट है। मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम करते हैं। दरअसल, अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आपको बता दें कि हिमाचल में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में देश के सभी लोगों का बिना भेदभाव से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम किसी से उसका धर्म-जाति नहीं पूछते हैं। जिसे लाभ मिलना चाहिए उसके लिए और गरीब के उत्थान के लिए भाजपा हमेशा काम करती रहेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार पर एक रुपये के घोटाले का आरोप भी नहीं है। केंद्र और राज्य दोनों में डबल इंजन (बीजेपी) की सरकार है। दोनों ने राज्य और देश को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि हम देश को विभाजित नहीं होने दे सकते और इसे आगे ले जाने के लिए एकता के साथ काम करना चाहिए। आपको बता दें कि कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा का आज तीसरा दिन है।

## रेल के पहियों का निर्यात करेगा भारत, वंदे भारत ट्रेनों के लिए सरकार ने की ये तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे ने पहियों का निर्यातक बनने का खाका तैयार किया है। शुक्रवार को पहिया एक ऐसा संयंत्र बनाने के लिए एक निविदा जारी की गई है जो हर वर्ष कम से कम 80,000 पहियों का निर्माण करे। उन्होंने कहा है कि यह पहली बार है कि रेलवे ने निजी कंपनियों को भारत में हाई स्पीड ट्रेनों के लिए व्हील प्लांट और व्हील बनाने के लिए आमंत्रित करने करने के लिए टेंडर जारी किया है। बता दें कि भारतीय रेलवे को हर साल दो लाख पहियों की जरूरत होती है। योजना के मुताबिक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इनमें से एक लाख पहिये की आपूर्ति करेगा बाकी पहियों का उत्पादन नए 'मेक इन इंडिया' प्लांट्स में होगा। मीडिया से बातचीत में रेलमंत्री ने कहा है कि वैष्णव ने कहा है कि निविदा इस शर्त पर दी जाएगी कि संयंत्र पहियों का निर्यातक भी होगा।

## उत्तराखण्ड में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात की मौत,तीन घायल

**देहरादून/टिहरी/पौड़ी, एजेंसी।** उत्तराखण्ड के गढ़वाल मंडल में शुक्रवार को तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग काल कवलित हो गए और अन्य तीन घायल हो गए। घायलों का उपचार किया जा रहा है। मृतकों में चार मुंबई निवासी हैं। जो बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने जा रहे थे। टिहरी जनपद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नवनीत भुल्लर और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने बताया कि थाना मुनि की रेती अन्तर्गत एक वाहन हरिद्वार से बद्रीनाथ जाते समय ब्रह्मपुरी श्रीराम आश्रम के पास अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में चालक रविंद्र सिंह (37) पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ऊखीमठ उसाड़ा (उत्तराखण्ड) के अलावा, अन्य पांच तीर्थयात्री थे। श्री भुल्लर ने बताया कि दुर्घटना में वाहन सवार शिवाजी बुधकर (53) पुत्र शिवाजीबाबाजी बुधकर, निवासी दहिसर, पुरुषोत्तम दत्तात्रेय खिलकुटी (37) पुत्र दत्तात्रेय खिलकुटी, निवासी पछुबंदर, कोलीवाडा रोड, वेस्ट वसई, थाणे, जितेश प्रकाश लोखंडे (43) पुत्र श्रीप्रकाश लोखंडे, निवासी एलबीएसएच मार्ग, मनोर टाकवाहल, ठाणे, मुम्बई (महाराष्ट्र) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि धर्मराज पुत्र श्रीनारायण, निवासी पचुबंदर, वसई पालघर, महाराष्ट्र ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान में लगी पुलिस और एसडीआरएफ टीमों ने वाहन चालक रविंद्र सिंह (37) पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी ग्राम उसाड़ा, पोस्ट दैडा, तहसील उखीमठ, जनपद रुद्रप्रयाग, को सरकारी अस्पताल ऋषिकेश तथा रविन्द्र चव्हाण (56) पुत्र महादेव चव्हाण, निवासी सी- 714, ओम सद्गुरुनगर, ग्रेटर मुम्बई, को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस लड़ रही है सम्मान की लड़ाई :राहुल



**पुलियुरकुरुचि, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं है, लेकिन जनता का अपमान हो रहा है,उसकी आवाज को कुचला जा रहा है, संस्थाओं को रौंदा जा रहा है और विपक्ष पर लगातार हमला हो रहे है जिसके खिलाफ कांग्रेस मजबूती से लड़ रही है। श्री गांधी ने शुक्रवार को भारत जोड़ो पदयात्रा कि तमिलनाडु में कन्याकुमारी के पुलियुरकुरुचि में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी की लडाई एक विचारधारा के खिलाफ है इस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की एक ऐसी विचारधारा है जिसके कारण जो उथल-पुथल मची हुई है और इसे सब देख रहे हैं तथा समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं के विचार के अनुरूप कांग्रेस इस विचार पद यात्रा में शामिल होकर इससे दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं। राजपथ का नाम बदलने पर उन्होंने कहा कि यह विचारधारा सिर्फ हमला करना जानती है और उसकी विकास की अपनी कोई सोच नहीं जनहित के लिए उसके पास कोई ठोस विचार नहीं है इसलिए भाजपा नाम बदलने की राजनीति कर जनता का ध्यान मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा आरएसएस की विचारधारा दीवालिया हो चुकी है और उसकी देश हित में काम करने की सोच और रुचि नहीं है। उनके पास देश हित में सोचने और करने के लिए कुछ नहीं है इसलिए कांग्रेस इस यात्रा की जरिए जनता से जुड़कर उसे असलियत समझाना चाहती है और उन्हें विश्वास है कि जनता जरूर असलियत को समझने लगी है।

## विमान से आएंगे चीते मोदी छोड़ेंगे बाड़े में

**श्योपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के चंबल संभाग के श्योपुर जिले स्थित कूनो पालपुर अभयारण्य में विमान से आ रहे दक्षिण अफ्रीकाई चीतों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को बाड़े में छोड़कर अपना जन्मदिन मनाएंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी और चीतों के यहां आने के पहले जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कूनो नेशनल पार्क में कुल बीस चीते, जिसमें 12 दक्षिण अफ्रीका और आठ नामीबिया से लाकर बसाए जाने की खबरें हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यहां यूनीवार्ता को बताया कि पहली खेप में नामीबिया से तीन चीते, जिसमें दो नर और एक मादा लाये जा रहे हैं। श्री मोदी अपने जन्मदिवस पर इन्हें अभयारण्य के बाड़े में छोड़ेंगे। बाकी चीते बाद में यहां लाकर बाड़े में छोड़े जाने की योजना को मंजूरी मिली है। अधिकृत जानकारी के अनुसार पांच सौ वर्ग किलोमीटर का चीतों के लिये बनाया गया विशेष बाड़ा पूरी तरह से तैयार है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए के आरोपी केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को दी जमानत

**हाथरस जाते वक्त हुई थी गिरफ्तारी**



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को जमानत दी। पत्रकार पर उत्तर प्रदेश सरकार ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज़ किया था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि कप्पन को तीन दिनों के भीतर निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे जमानत पर रिहा कर दिया जाए। सिद्दीकी की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कप्पन को जमानत पर रिहा करने पर अपनी समहमित दे दी। बता दें कि लगभग दो साल सलाखों के पीछे बिता चुके कप्पन को अन्य आरोपियों के साथ अक्टूबर 2020 में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जब वे हाथरस बलात्कार-हत्या अपराध की रिपोर्ट करने के लिए जा रहे थे।

शुरू में उन्हें शांति भंग करने की आशंका के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि वह और उनके सह-यात्री हाथरस सामूहिक बलात्कार-हत्या के मद्देनजर सांप्रदायिक दंगे भड़काने और सामाजिक सद्भाव को बाधित करने की कोशिश कर रहे थे।

## मदरसा गिराने के मामले में नया मोड़, ग्रामीणों का दावा,पुलिस के कहने पर इसे गिराया था

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** असम के गोलपारा जिले के दरोगर अलगा चार के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने पुलिस के निर्देश पर मदरसे को तोड़ा था। हालांकि पुलिस ने इस आरोप को निराधार बताया है। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि पुलिस में संबंध रखने वाले एक साथी ग्रामीण को संदेश भेजा गया था और उसने ही लोगों को मदरसा तोड़ने के लिए उकसाया था। हालांकि, पुलिस ने आरोप से इनकार करते हुए कहा कि वे केवल दो लोगों के आतंकी संबंधों के मामले की जांच कर रहे हैं, जो अब फरार हैं और मदरसे में पढ़ा रहे थे। पुलिस के अनुसार, दरोगर अलगा मदरसा और इसके परिसर में एक रीड हाउस को मंगलवार को ग्रामीणों ने खुद ही ध्वस्त कर दिया था, क्योंकि इसके दो शिक्षकों के संदिग्ध जिहादी संबंध सामने आए थे, जो कथित तौर पर बांग्लादेशी थे। एक स्थानीय रहीम बादशाह ने कहा कि मैं उन लोगों में से था जिन्होंने दो निर्माणों को गिरा दिया था। मैं नदी किनारे अपने जूट के खेत में काम कर रहा था, तभी शुकुर अली (एक ग्रामीण) ने मुझे मदरसा परिसर में बुलाया। उसने मुझे और पांच-छह अन्य लोगों से निर्माण को ध्वस्त करने में मदद करने के लिए कहा था। अली भाजपा का स्वघोषित कार्यकर्ता है। उसके मोटरसाइकिल पर कमल (भाजपा पार्टी का चुनाव चिह्न) का स्टीकर लगा है। ऐसे कई स्टिकर उनके आवास की दीवारों पर भी दिखाई दे रहे हैं। बादशाह ने दावा किया कि जब मैंने अली से पूछा कि हमें मदरसा क्यों गिराना चाहिए, तो उसने कहा कि एसपी और डीएसपी सर ने हमें ऐसा करने के लिए कहा है। जब मैं मदरसा परिसर में पहुंचा तो मीडिया पहले से ही मौजूद था। कई अन्य ग्रामीणों ने बादशाह के दावे की पुष्टि की। पूछे जाने पर अली ने स्वीकार किया कि मीडिया को मदरसा तोड़ने की कार्रवाई को कवर करने के लिए पहले से बुलाया गया था और निर्माण को उनके सामने गिराया गया था।




## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6,093 नए मामले

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 6,093 नए मामले सामने आने संक्रमितों की कुल संख्या 4,44,84,729 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 214.55 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी से 18 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 528121 तक पहुंच गई है। दैनिक संक्रमण दर 1.93 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान इस महामारी से 6,768 लोगों के मुक्त होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 4,39,06,972 हो गयी हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 3,16,504 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88.87 करोड़ से अधिक कोविड परीक्षण किए हैं। देश में स्वस्थ होने की दर 98.7 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों का की दर 0.11 प्रतिशत है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है। केरल में पिछले 24 घंटों में



कोरोना वायरस संक्रमण के 144 नए मामले सामने आने से संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 10803 हो गया है इसी अवधि में कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 6685335 हो गई है। इस अवधि में किसी मरीज की मौत नहीं होने से मतृकों की संख्या 70898 पर स्थिर है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 39 मामले बढ़े हैं जिससे अब राज्य में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 7082 हो गए हैं।

## फोगाट की मौत से जुड़े कर्लीज रेस्तरां को गिराये जाने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (गोवा)के फैसले को पलटते हुए शुक्रवार को गोवा के कर्लीज रेस्तरां पर बुलडोजर चलाए जाने पर रोक लगा दी। भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) नेता एवं अभिनेत्री सोनाली फोगाट इस रेस्तरां में कथित रूप से मृत पाई गई थीं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश के बाद रेस्तरां को गिराये जाने का काम चल रहा था। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने इसके गिराये जाने पर रोक लगाने का आदेश दे दिया। प्राधिकरण ने रेस्तरां के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद इसको गिराए जाने का रास्ता साफ हो गया था। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई होने तक रेस्तरां के गिराये जाने पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस शर्त पर कर्लीज रेस्तरां को तोड़ने से रोका कि इसमें कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं होगी। मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। रेस्तरां द्वारा कथित तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) के उल्लंघन को लेकर गोवा तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इसे गिराया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कर्लीज के मालिकों की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश पारित किया। मालिक ने सीआरजेड उल्लंघन पर शुरू की गयी कार्रवाई को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में गोवा तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण को इस मामले में तस्वीरों और रिपोर्टों के साथ 14 सितंबर से पहले अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। यह रेस्तरां 14 साल पहले उस समय सुर्खियों में था जब एक ब्रिटिश किशोरी की मौत हो गई थी। सुश्री फोगाट (42) 22 अगस्त की रात इस रेस्तरां में गई थीं।

# मंदिर के सहन की भूमि पर शौचालय बना रहा दबंग

➩ मना करने पर हरिजन एक्ट में फंसाने की दे रहा धमकी ➩ श्रद्धालुओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की उठाई मांग



**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेसाही बुजुर्ग में करीब दो सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर के अगल-बगल पड़ी सहन की भूमि पर एक दबंग अपने पुत्रों के साथ मिलकर शौचालय बनाकर दरवाजा लगा रहा है। जब श्रद्धालुओं ने इसका विरोध किया तो दबंग हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ितों ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बुजुर्गों ने शिव मंदिर बनवाया था। जिसमें सभी लोग पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर के दक्षिण व पूरब में लगभग 15-20 फिट भूमि सहन के रूप में पड़ी है। जिसमें नवरात्रि में दुर्गा पूजा भी होती है। मंदिर ग्राम समाज की भूमि पर बना है। गांव के ही दबंग बरमदीन व उसके पुत्र मुकेश, सुरेश, रमेश, मनोज, रोहन अपने अन्य गुंडा माफियाओं के साथ मिलकर मंदिर के सहन की भूमि पर अवैध कब्जा करके शौचालय बनाकर दरवाजा लगा रहे हैं। जब इसका श्रद्धालुओं ने विरोध किया तो गाली-गलौज पर अमादा हो गए। इतना ही नहीं हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमें में फंसाए जाने की धमकी भी दे रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने एसडीएम से मांग किया कि तत्काल हल्का लेखपाल व कानूनगो सहित पुलिस को मौके पर भेजकर अवैध निर्माण कार्य रूकवाया जाए। साथ ही कब्जा करने वाले दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायती पत्र देने वालों में प्रधान प्रीती सिंह, में गिरधारी लाल, चंदन सिंह, सूर्यपाल सिंह, राकेश कुमार, प्रमोद, राहुल सिंह शामिल रहे।

## खखरेरू नगर पंचायत के वार्डों में लगे कैंप

### फाउंडेशन ने आमजन को योजनाओं की जानकारी देकर दिलाया लाभ



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष जनसेवक राजेश सिंह के प्रयास से नगर पंचायत खखरेरू के सभी वार्डों में कैंप लगाकर गरीबों, निराश्रित ग्रामीणों को जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई वहीं उनका पंजीयन कराकर लाभ दिलाने का भी काम किया। नगर पंचायत खखरेरू के वार्डों में कैंप आयोजित किए गए। जिसमें गरीबों एवं निराश्रितों को श्रम विभाग, महिला विकास, शिक्षा के साथ-साथ गरीबों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। तत्पश्चात उनका श्रम विभाग में पंजीयन भी कराया गया। जनसंपर्क कार्यालय में शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे गुलाब सिंह, मो. ईद्रस, अखिलेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधि-विधान से उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न किया। कैंप का लाभ लेने के लिए जनसैलाब उमड़ा। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। मौके पर गणेश तिवारी, रुआब अली, गोवर्धन सिंह, मोनू खान, मनोज पासवान, सोहराब अली, विवेक सिंह, सद्दाम, दिग्विजय सिंह, सुनील पासवान, खुर्शीद, गजाली मिर्जा, निजाम अहमद, अमित कुमार सिंह उर्फपिंटू, मामू मंसूरी मौजूद रहे।

# देश को सामरिक दृष्टि से शिखरोन्मुख रखने के लिए कटिबद्ध मोदी: एमएलसी



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शुक्रवार को शहर के डा. युवराजसिंह महाविद्यालय में मोदी-20 पुस्तक में उल्लिखित महत्वपूर्ण अंशों पर आधारित गोष्ठी का आयोजन स्नातक छात्र छात्राओं के मध्य किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधानपरिषद सदस्य अरुण पाठक, वक्ता के रूप में प्रोफेसर अनिरुद्ध स्वरूप व कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने की।

मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन के अतीत पर प्रकाश डाला। श्री पाठक ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वदेश की प्रमुख समस्याओं के निवारण हेतु दिन रात अध्ययन किया। उनके 12 साल के गुजरात नेतृत्व में गुजरात देश के मॉडल के रूप में सामने आया। वहीं 2014 से देश की आवाज के रूप में पीएम 18 घंटे काम कर रहे हैं। आज हम देखते हैं कि स्वास्थ्य को लेकर पीएम ने स्वच्छता अभियान, आयुष्मान योजना, अस्पतालों में संसाधनों की पूर्ति सहित अनेक कदम उठाए।

देश आज अपने गौरवशाली परंपरा के साथ विश्वपटल पर आगे बढ़ रहा है। स्टार्टअप इंडिया,एक जनपद एक उत्पाद को विकसित करके युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के वक्ता प्रोफेसर अनिरुद्ध स्वरूप ने पीएम के मुख्यमंत्रित्व काल के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए जनहितकारी कार्यक्रमों के विषयों को रखा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानेंद्र सचान, सहसंयोजक प्रवीण कुमार सिंह, सुमित द्विवेदी विकास पासवान, विकास त्रिवेदी, दिनेश तिवारी, सुशील सिंह,मधुराज विश्वकर्मा, अभिजीत भारती,जय प्रकाश सिंह,संजय मोदनवाल, बृजेश द्विवेदी,श्रृंगिराज सिंह, अमित शिवहरे,बबलू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्नातक छात्र छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

# झंडा गीत रचयिता पार्षद जी का मनाया जन्मदिन

❑ आरती के बाद झंडा गीत का किया सामूहिक गायन



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** झंडा गीत रचयिता पद्म् श्री श्याम लाल गुप्त पार्षद जी का 126 वां जन्मदिन मूर्ति स्थल पार्षद चौक सिविल लाइन में भारतीय दोसर वैश्य महासमिति व अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। समाज के लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम स्थल पर समाज के लोगों ने मूर्ति पर तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए आरती की। पार्षद जी अमर रहें का उद्घोष करते हुए झंडा गीत का सामूहिक गायन किया। महासमिति के अध्यक्ष नारायण गुप्त ने कहा कि देश की आजादी में पार्षद जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होने संकल्प लिया था कि जब तक देश आजाद नहीं होगा तब तक वह पैरों में चप्पल व सिर पर अंगौछा नहीं रखेंगे। उस प्रतिज्ञा का पालन उन्होने पूरी निष्ठा के साथ किया। महासमिति के संरक्षक राम विशाल गुप्त व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उधर स्थानीय कारागार में भी पार्षद जी के जीवन पर आधारित सामान्य ज्ञान परीक्षा जेल अधीक्षक मो. अकरम खान के सानिध्य में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रूमा गुप्ता रहीं। जिला करागार में 92 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 72 पुरूष, आठ महिलाएं व बारह किशोर तीन ग्रुपों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति ने प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों को फल, टाफी, बिस्कुट आदि वस्तुएं देकर हौसला बढ़ाया। इस मौके पर गिरधारी लाल गुप्त, जयगोपाल गुप्त, राम प्रकाश गुप्त, सुनील गुप्त, राम विशाल गुप्त, मनीष गुप्त, विनय गुप्त फौजी, सत्येंद्र, अजय गुप्त, विश्वास गुप्त, पंचमलाल, संजय मोदनवाल, मोहन गुप्त, नरेंद्र गुप्त, संजीव गुप्त, वेद प्रकाश गुप्त, लवकुश गुप्त, मोहित गुप्त भी मौजूद रहे।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** ललौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुये न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार थाने में तैनात उप निरीक्षक अविनाश कुमार मिश्रा अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर राजेश पुत्र रामप्रसाद पटेल निवासी ग्राम लदिगवा को गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद करते हुये उसके विरूद्ध कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

## फांसी लगा छात्रा ने दी जान

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में शुक्रवार की भोर संदिग्ध परिस्थितियों में 14 वर्षीय किशोरी ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार करनपुर गांव निवासी रामरतन पाल की बड़ी बेटी नीशू उम्र 14 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका गांव के ही सिधेश्वर विद्यालय की दसवीं की छात्रा थी। आज सुबह रामरतन अपनी पत्नी मंजू के साथ खेतो में पानी लगाने गए थे, उनकी मंझली बेटी नैंसी व छोटी बेटी अंकिता भी साथ मे गयी थी, बड़ी बेटी नीशू घर मे खाना पकाने के लिए रुकी थी, माता-पिता जब खेतों से घर वापस आए तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। छत पर चढ़कर देखा कि घर के आंगन में लगे जाल पर नीशू ने साड़ी का फंद्दा लगा आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचकर पुलिस ने नीशू को नीचे उतारा। थानाध्यक्ष गिरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# रग्घूपुर पानी टंकी की लाखों की सम्पत्ति चोरी



**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** निष्क्रांति सम्पत्ति का मामला हो या अन्य सरकारी सम्पत्ति का, जिला प्रशासन इनकी ही सुरक्षा नहीं कर पा रहा तो आम जनता की रखवाली कैसे कर पाएगा? यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। एक-एक करके सरकारी सम्पतियों की लूट होती जा रही है। ताजा मामला विजयीपुर विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत गढ़ा की पेयजल समूह योजना के तहत कांग्रेस शासन काल में निर्मित पानी टंकी का सामने आया है। इसकी चहार दीवारी सहित आवासों की ईंटे, जंगला, दरवाजा तथा पाइप उखाड़ लिए गये। जीर्णशीर्ण दो कोठरियों में कंडा लकड़ी भरके कब्जा कर लिया गया। आश्चर्य यह है कि सीएम पोर्टल पर शिकायत करने के पखवारे भर बाद भी जॉच शुरू नहीं हो सकी। गढ़ा और उसके करीब चार दर्जन मजरों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब पैतीस साल पहले रग्घूपुर में पेयजल समूह योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण तत्कालीन सांसद हरीकृष्ण शास्त्री एवं तत्कालीन विधायक इन्द्रजीत कोरी के प्रयासों से कराया गया था। पालीवार संचालन करने के लिए आपरेटर नियुक्त थे। एक बड़े क्षेत्रफल में सुरक्षा की दृष्टि से चहार दीवारी उठाने के साथ-साथ निवास करने हेतु आवासों का निर्माणा कराया गया। करीब दो साल पहले जल निगम ने सर्वेक्षण करके इस पानी टंकी को निस्प्रयोज्य घोषित करते हुए संचालन रोक दिया। इस पानी टंकी से चन्दापुर, दसईपुर, चितनपुर, बरहा, अर्जुनपुर, अवधूतपुर, नरौली, हरदासपुर, बरियाखे, टिकुरा, हलवा करीब 50 मजरों में पेयजल आपूर्ति हेतु बिछायी गई पाइप लाइने भी निष्प्रयोज्य हो चुकी है। गांव के लोगों ने बताया कि एक बड़े क्षेत्र फल फैली इस ग्राम सभा गढ़ा और उसके सभी मजरों में पेयजल की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है। कई मजरों में हैंडपम्प भी काम नही कर पा रहे हैं। ऑपरेटरो के चले जाने के बाद टंकी के समीप रहने वाले यादव परिवारों ने टंकी की सम्पत्ति में अपनी निगाह गड़ा दी। इन परिवारों ने दो साल के भीतर चहार दीवारी की सारी ईंटे खोद ली। इसके बाद आवासों के जंगला, खिड़की, टीन सेड व पाइपों को उखाड लिया और आवासों की ईंटे भी खोदनी शुरू कर दी। जीर्णशीर्ण करने के उपरान्त उनमें लकड़ी कन्डा एवं भूसा भरकर अपने कब्जे में कर लिया। यहा तक कि टंकी परिसर में भैस बकरी बांधने लगे। गांव के ही जागरूक कार्यकर्ता प्रेमपाल पुत्र राजाराम तथा हरीशंकर पुत्र भईयालाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर 27 अगस्त को शिकायत संख्या 40017222018030 भेजी जिसकी जॉच थानाध्यक्ष किशनपुर को सौंपी गयी। शिकायत किए लगभग पखवारा बीतने को है, मगर थाना पुलिस की ओर से अब तक कोई जॉच शुरू नहीं की गयी। शिकायत में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि फूलचन्द्र यादव, रामचन्द्र यादव पुत्र गोकुल प्रसाद, रन्नो देवी पत्नी इन्द्रपाल, दीपू पुत्र हरिश्चन्द्र तथा शिवानी पत्नी शिवचन्द्र ने करीब 30 लाख रूपये की सम्पत्ति की चोरी की है और आवासों को नष्ट कर दिया है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** ललौली थाना क्षेत्र के दसवा मील के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से जहाँ बाइक सवार 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वही दो लोग बुरी तरह घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ललौली थाने के हरियापुर गांव निवासी जुम्मन का 45 वर्षीय पुत्र सिद्धीक, रज्जावली पुत्र रहमाल 40 व असोथर थाना क्षेत्र के कौण्डर गांव निवासी हबीब का 50 वर्षीय पुत्र भोला तीनों बाइक में सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे जैसे ही ये लोग दसवा मील के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहाँ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने सिद्धीक को मृत घोषित कर दिया। वहीं रज्जावली व भोला का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# आउटसोर्स कर्मियों का धरना दूसरे दिन भी जारी

❑ मांगे पूरी न होने पर हड़ताल और होगी तेज



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** मांगे पूरी न होने पर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी अधीक्षण अभियंता कार्यालय में जारी रहा।

कर्मचारियों का कहना रहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक यह धरना जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक माधुरे की अगुवाई में आउटसोर्स कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय में दूसरे दिन भी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत को 31 अगस्त को अवगत करा दिया गया था। जिसमें बताया गया था कि सात सितंबर तक यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो गुरूवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अब तक मांगे पूरी नहीं की गई जिसके चलते आज से अनिश्चितकालीन धरना गुरूवार को शुरू किया गया था। जिसका आज दूसरा दिन है। वक्ताओं ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को समय से वेतन व सुरक्षा उपकरण दिए जाएं। यदि ऐसा नहीं होता तो यह धरना जारी रहेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, दिलीप अग्निहोत्री, विनीत तिवारी, अशोक कुमार, अनिल कुमार, बहादुर मौर्य, राकेश सोनकर भी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय भ्रमण पर आज आएंगे डिप्टी सीएम

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** उप मुख्यमंत्री के निजी सचिव प्रवीण कुमार वर्माने बताया कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय भ्रमण पर कल (आज) जनपद आएंगे। शनिवार को अपरान्ह 03.55 बजे स्वामी विज्ञानानंद महाराज के आश्रम ओमघाट भिटौरा में आगमन होगा। अपरान्ह 04.55 बजे पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में विश्राम करेंगे। तत्पश्चात अगले दिन रविवार को प्रातः 09.30 बजे पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियो के साथ बैठक एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। प्रातः 10.35 बजे वीआईपी रोड मंडल गेस्ट हाउस के समीप चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य सामाजिक संस्थान के सामने सम्राट अशोक की मूर्ति का अनावरण करेंगे। तत्पश्चात 10.55 बजे विकास भवन सभागार में जनपद के उद्यमियों के साथ बैठक करके प्रशासनिक अधिकारियों के बैठक तदोपरांत मध्यान्ह 12 बजे जनपद के समस्त सम्मानित प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओ के साथ प्रेस वार्ता करेंगे। तत्पश्चात हसनापुरसानी में अमृत सरोवर का निरीक्षण करके चौपाल लगाएंगे। 51 मनरेगा पार्क का लोकार्पण तथा शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों के उपकरण/स्वीकृति पत्र आदि का वितरण तदोपरांत स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पंजीरी प्लांट कोराई ब्लॉक तेलियानी का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 02.40 बजे ठाकुर युगराज सिंह कालेज के हेलीपैड से राजकीय हेलिकॉप्टर के जरिए प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बादशाह गारमेंट्स में ब्रांडेड कपड़ों की मिलेंगी श्रृंखला

पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** बादशाह गारमेंट्स का मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी रज़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।शुक्रवार को शहर के चौक पनी मोहल्ला स्थित बादशाह गारमेंट का चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रज़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

प्रोपाइटर मुकीद लाल बादशाह ने बताया कि प्रतिष्ठान में किड्स एवं मेंस वियर की लेटेस्ट रेंज उपलब्ध है। प्रतिष्ठान में बच्चों के लिए बाबा सूट, जींस, टीशर्ट, सफारी, ब्लेजर एवं मेंस वियर से डुएक,अरमानी, ज़ारा, स्पार्की, जैक एंड जान्सकी जींस, टी-शर्ट्स के अलावा ट्रैक सूट, बेल्ट्स, कैप व डियोडरेंट की विशाल रेंज उपलब्ध रहेगी।अंतराष्ट्रीय ब्रांडों की आकर्षक रेंज के लिए पहले बड़े शहरों में जाना पड़ता था।

जनपद में अब उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी, मुकीम अहमद,मो अलीम, मो अकरम, संजय जौहरी,अमित सोनी,मो अनीस, शमी खान, शेखू बाबा,शहजादे,मो. लतीफ हाशिम लल्लन, हाजी कय्यूम कुरैशी, मो अयाज़ राहत, शकील, रज्जन गुप्ता, बबलू राइन भी मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आकर बालक की मौत

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैरी में गुरूवार की शाम करंट की चपेट में आ जाने से लगभग छह वर्षीय बालक की मौके पर मौत हो गई। वही मृतक के पिता ने खेत मालिक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार पैरी गांव निवासी बुद्धू ने अपने खेत की रखवाली के लिये चारो ओर कटीले तार लगाये थे जिससे कोई जानवर खेत नष्ट न करें वहीं कटीला तार बिजली के अर्थिंग के तार से छू रहा था जिससे तारों में करंट दौड़ रहा था। इसी बीच गांव के पूरन का पुत्र संदीप खेलते खेलते वहाँ पहुंच गया और जैसे ही उसने तार को छुआ तो करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# प्राइवेट बस की चपेट में आने से रिटायर्ड लेखपाल की मौत

➩ आक्रोशित परिजनों ने मार्ग पर लगाया जाम

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कठरिया गांव के समीप प्राइवेट बस की टक्कर लगने से रिटायर्ड लेखपाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार हेतु प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई और मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।परिजन रास्ते में जाम लगाकर कार्यवाही की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस सहित घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी ने भी पहुंच कर जायजा लिया और प्राइवेट बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के कठरिया गांव निवासी रिटायर्ड लेखपाल सूरत यादव उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र शंकर लगभग साढ़े नौ बजे खागा से धाता की ओर जा रही प्राइवेट बस की चपेट में आने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना परिजनों को होते ही आनन फानन में उपचार हेतु प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया जाता है कि अपनी पत्नी सुमेरकली को खागा के लिए बस में बैठाने गये हुए थे बस के इंतजार में सड़क किनारे खड़े थे तभी खागा से धाता की ओर जा रही अनियंत्रित बस की चपेट में आने से सर व पैर में गम्भीर चोटे आ गई। जिसे परिजनों ने आनन-फानन में उपचार हेतु प्रयागराज ले जा रहे थे कि रास्ते में दम तोड दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों सहित ग्रामीणों ने सडक पर बड़ी बड़ी बल्लियां लगाकर जाम लगा दिया और कार्यवाही की मांग करने लगे।ग्रामीणों ने बताया कि यह सेवानिवृत्त लेखपाल थे।एक लड़का विमल कुमार व दो पुत्रियां आरती देवी व पूजा देवी है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंची खखरेरू,धाता, किशनपुर पुलिस एवं क्षेत्राधिकारी ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए जाम को खुलवा दिया और बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है और अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## युवती को सर्प ने डसा

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कैलाशपुर में गुरूवार की रात घर पर सो रही 18 वर्षीय युवती को जहरीले सर्प ने डस लिया। झाड फूंक कराने के बाद हालत नही सुधरने पर जिला चिकित्सालय लाये जहाँ से उसे कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कैलाशपुर गांव निवासी रामकिशुन की पुत्री दुर्गा बीती रात अपने घर में सो रही थी तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे झाड फूंक कराने के लिये ले गये।

## दरोगा समेत एक अन्य पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में तैनात एक दरोगा सहित दो लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। मामले की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक नगर (सीओ) वीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि शहर के शादीपुर इलाके के एक होटल में एसआई संजय सिंह ने 11 जून 2021 को शांदी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को कारित किया था। यह भी आरोप है कि महिला से शारीरिक संबंध बनाने के बाद महिला गर्भवती हो गई थी। इसके बाद उसके साथी रवि कश्यप ने शादी अनुदान से पांच लाख रुपये दिलाने का झांसा दिया है। उसके बाद महिला का गर्भपात भी कराया गया है। उसने शादी के लिए दबाव बनाया। तभी दरोगा और उसके साथी ने जातिसूचक शब्द बोलकर गाली गलौज की।

# दो माह के बच्चे समेत महिलाओं के लिए किया रक्तदान



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** दो माह के बच्चे सहित दो अन्य महिलाओं को रक्त की आवश्यक्ता पड़ने पर सर्व फार ह्यूमैनिटी की टीम के मेंबरों ने रक्तदान करके जीवन बचाने का काम किया। उनके इस प्रयास की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। बताते चलें कि शहर के देवीगंज सैदाबाद निवासी मंगल का पुत्र अश्विन शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। बच्चे को रक्त की कमी है। जिस कारण डॉक्टर ने बच्चे को 100 एमएल ए पॉजिटिव रक्त की अवश्यकता बताई। जिसकी जानकारी मरीज के पिता ने टीम सर्व फार ह्यूमैनिटी को दी। जानकारी होते ही केस की जांच कर केस की जानकारी ग्रुप में साझा की। ग्रुप में संदेश देखते ही सावन गुप्ता ने कहा अपने मित्र लोधीगंज स्पोर्ट्स स्टेडियम निवासी शाहिद को काल करके रक्तदान करने की बात कही। सावन गुप्ता अपने मित्र को लेकर श्याम नर्सिंग होम के रक्तकोष पहुचे वही शाहिद ने बच्चे अश्विन के लिए रक्तदान किया। वहीं दूसरे केस में मरीज पूनम देवी पत्नी कुंदन निवासी बैरागीपुरवा खागा भी शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती है। मरीज पूनम के लिए श्याम नर्सिंग होम के रक्तकोष में आवास-विकास कालोनी निवासी विक्की ओबराय के लिए अपना ओ पॉजिटिव रक्त का रक्तदान किया। जिला अस्पताल में भर्ती संगीता देवी पत्नी बछराज निवासी ग्राम दौलतपुर पोस्ट रेवाड़ी है। मरीज को रक्त की कमी कारण जिला अस्पताल में भर्ती है। मरीज संगीता के लिए अश्विन के पिता मंगल ने जिला अस्पताल रक्तकोष में रक्तदान किया। इस मौके में गुरमीत सिंह,सावन गुप्ता,बबलू, श्याम ब्लड बैंक से प्रवीण प्रसून, कुलदीप, चंद्रबाला, कंचन व मरीज के तीमारदार रितेश,कुंदन व मंगल उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** किशनपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर मठेठा में गुरूवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय युवक की मौके में ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेशपुर मठेठा गांव निवासी ननका प्रजापति का पुत्र रमेश प्रजापति गुरूवार की शाम चार बजे जानवर चराने जंगल की ओर गया था इसी दौरान बारिश शुरू हो गई जिससे बचने के लिये वह पेड़ के नीचे खड़ा हो गया तभी तेज कडकडाहट के साथ बिजली चमकी और पेड़ पर जा गिरी जिसकी चपेट में जाने से रमेश की मौके में ही मौत हो गई।

## बीमारी से तंग किसान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** ललौली थानाक्षेत्र के रेंय गांव निवासी सुरेंद्र सिंह (55) पुत्र स्व शिवभूषण सिंह ने सुबह 9 बजे अपने खेतो में 315 बोर तमंचे से अपनी कनपटी में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। वही घर से कुछ दूर खेतो में पहुचे बेटे राधेश्याम ने देखा तो चीख पुकार करने लगा, तब लोगो को जानकारी हुई। किसान सुरेंद्र सिंह कई सालों से बवासीर की बीमारी से पीड़ित थे। अभी कुछ दिन पहले आंख में कांटा लग जाने से आंखों का ऑपरेशन भी हुआ था जिससे किसान काफी अवसाद में था। पति की मौत से पत्नी कमला देवी का रो रोकर हाल बेहाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष आलोक पांडेय ने बताया कि तमंचे को कब्जे में ले लिया है।

# विश्व ईवी दिवस :सर्वे में इलेक्ट्रानिक वाहन बेहतर विकल्प

**⇨ कारण, बढ़ते पेट्रोल-डीजल की कीमतें और पर्यावरण का ह्रास ⇨ ईश्वर शरण महाविद्यालय के छात्रों ने किया खुलासा**



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** विश्व भर में 9 सितम्बर को विश्व ईवी दिवस के रूप में मनाया जाता है। दुनिया भर में इलेक्ट्रानिक वाहनों की मांग बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय इलेक्ट्रानिक वाहन आटो-मोबाइल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। भारत समेत दुनिया भर में इलेक्ट्रानिक वाहनों का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। ये वाहन न सिर्फ तेजी से प्रदूषण कम करने में मददगार हैं बल्कि पेट्रोल डीजल द्वारा चालित वाहनों की तुलना में किफायती भी है।

इसी संदर्भ में ईश्वर शरण पी.जी कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन में परास्नातक छात्र श्रेष्ठ सिंह ने प्रयागराज में इलेक्ट्रानिक वाहनों के प्रयोग को लेकर लोगों की मानसिकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज शहर में ई-रिक्शा पब्लिक यातायात का सबसे बड़ा माध्यम है। लगभग 12 हजार ई रिक्शा शहर में यातायात की सेवाएं प्रदान कर रहें हैं। यद्यपि इलेक्ट्रानिक बसें भी यातायात की सेवाएं प्रदान कर रही हैं। सर्वे के दौरान यह प्रश्न कि अगला वाहन खरीदने में आप किस प्रकार के वाहन को वरीयता देंगे, इसके उत्तर में लगभग 55 प्रतिशत लोगों ने बताया उनका अगला वाहन इलेक्ट्रॉनिक वाहन होगा। 22 प्रतिशत ने सीएनजी आधारित वाहन तथा लगभग 19 प्रतिशत ने पेट्रोल डीजल आधारित वाहन खरीदने को वरीयता दी। इसका कारण पूछने पर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के बेहतर प्रदर्शन को माना। सर्वे के दौरान पाया गया कि 75 प्रतिशत लोगों का यह विश्वास है कि आने वाले भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक वाहन पारम्परिक वाहन ईंधन (पेट्रोल-डीजल) को प्रतिस्थापित कर देंगे। प्रतिस्थापन के कारणों को पूछने पर 90 प्रतिशत लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को पर्यावरण के अनुकूल व किफायती बताया। इस दौरान पाया गया कि प्रयागराज के लोगों की मानसिकता इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के प्रयोग को लेकर सकारात्मक है। प्रयोग को बढ़ावा देने के संदर्भ में अध्ययन में यह सुझाव दिया गया कि सार्वजनिक यातायात में ज्यादा से ज्यादा ई बसों को लाया जाय। जगह-जगह चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित किया जाय। सरकार द्वारा ई-वाहन खरीदने के लिए दी जा रही सुविधाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाय। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आनंद शंकर सिंह ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा इस तरह के फील्ड आधारित अध्ययन को बढ़ावा दिया जाता है ताकि यहां के छात्र एवं छात्राएं शोध के वास्तविक स्वरूप को समाज के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

## डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में चार दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना निर्माण कार्यशाला सम्पन्न



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में शुक्रवार को चार दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण एवं पाठ योजना निर्माण कार्यशाला के प्रशिक्षण का समापन डायट प्राचार्य व वरिष्ठ प्रवक्ता शिव नारायण के आशीर्वचन के पश्चात हुआ। कार्यशाला का संयोजन डायट प्रवक्ता वीरभद्र प्रताप, डॉ.अंबालिका मिश्रा एवं डॉ. राजेश पांडेय द्वारा हुआ। कार्यशाला में सूक्ष्म शिक्षण व आदर्श पाठ्य योजना बनाने के नियम, सिद्धांत व अभ्यास से डी.एल.एड छात्राध्यापकों को परिचित कराया गया। इसके बाद छात्र अध्यापकों को प्रायोगिक कार्य हेतु इंटर्नशिप पर जाने से पूर्व बृहद पाठ्यक्रम शिक्षण हेतु आदर्श पाठ योजना का निर्माण कर प्रदर्शन के माध्यम से छात्राध्यापकों द्वारा प्रस्तुतीकरण कराया गया। कार्यशाला में उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट ने अपने अनुभव से छात्राध्यापकों को पाठ्य योजना के तकनीकियों से परिचित कराया।

# आरबीएसके में 17 सर्जरी समेत 7593 बच्चों का हुआ नि:शुल्क इलाज

**⇨ अब सामान्य बच्चों की तरह चल सकेंगे अथर्व व आर्या**



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** तेलियरगंज के अथर्व का जन्म से ही दोनों पैर मुड़ा था। मंहगा इलाज सुनकर मायूस मां ने अथर्व की फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर सुझाव मांगे। वहां क्लबफुट के बारे में जानकारी मिली। किसी ने बताया कि ऐसे ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत निःशुल्क होते हैं। मां-बाप अगले दिन तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय पहुंचे। कुछ ही दिनों में वहां अथर्व का इलाज हो गया। अथर्व अब दीवार के सहारे खुद खड़ा होकर सामान्य बच्चों की तरह चल लेता है। इसी प्रकार मेजा की आर्या पाण्डेय के जन्म से ही पंजे मुड़े थे। कोरांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्हें पता चला कि इस तरह के ऑपरेशन आबीएसके के अंतर्गत निःशुल्क होते हैं। इसके बाद उसके घर वाले उसे तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) लेकर पहुंचे। निःशुल्क उपचार के बाद 11 माह की आर्या के पैर अब सामान्य बच्चियों की तरह हो चुके हैं।

अथर्व और आर्या तो सिर्फ बानगी भर है। ऐसे बहुत से बच्चे हैं जो आबीएसके के अन्तर्गत उपचार पाकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। इस बारे में आरबीएसके नोडल निशा सोनकर ने बताया कि जिले में अप्रैल 2022 से जून माह तक 8222 बच्चे चिन्हित किए गए। इनमें 7593 बच्चों के सामान्य रोगों का उपचार किया गया। अप्रैल 2022 से अगस्त तक 17 बच्चों की सफल सर्जरी की गयी है। मिराकल फीट फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी विक्रांत विश्वास ने बताया कि ÷बच्चे दिव्यांगता का दंश न झेलें इसे लेकर नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में सहयोगी संस्था मिराकल क्लब फुट क्लीनिक का संचालन कर रही है। इनकी टीम आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल में बच्चों को चिन्हित करती है। मंडलीय चिकित्सालय मोती लाल नेहरू (काल्विन) में इस समय 64 व तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (सप्रू) में 63 क्लब फुट के बच्चों का इलाज चल रहा है। प्रत्येक गुरुवार को काल्विन व शनिवार को सप्रू अस्पताल में ओपीडी लगाकर आर्थोपेडिक सर्जन कल्ब फुट से पीड़ित बच्चों को देखते हैं।

## दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक में हुआ विमर्श



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा प्रतिमाओं के पाण्डाल लगाए जाने तथा विसर्जन को लेकर प्रबन्धों पर विचारविमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र ने कहा कि प्रशासन दुर्गा पूजा उत्सव में शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए हर प्रबन्ध सुनिश्चित करेंगे। उन्होने इस दौरान नये पाण्डालों की स्थापना न कराए जाने व पाण्डालों को सडक मार्ग से दूर रखे जाने के भी निर्देश दिये। पुलिस उपाधीक्षक अमरनाथ गुप्ता ने कहा कि उत्सव के दौरान पुलिस शरारती तत्वों पर कडी नजर रखेगी। वहीं उन्होने आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं से पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाकर हर जरूरी सूचना समय पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बैठक का संयोजन करते हुए प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने लोगों से सौहार्द बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। बैठक में विसर्जन के दिन तालाबों में पानी भरवाए जाने तथा टैऱफिक प्रबन्धो आदि को लेकर लोगों ने प्रशासन को सुझाव दिये। इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, सभासद सोनू शुक्ल, सभासद बृजेंद्र पाण्डेय मंटू, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई पीएससीएल की 18वीं बोर्ड बैठक

**⇨ छह स्थानों पर मटैरियल रिकवरी फैसिलिटी बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी**
**⇨ रसूलाबाद घाट पर बन रहे हरित शवदाह गृहों की संख्या बढ़कर हुई 9**





**प्रयागराज, (संवाददाता)।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त की अध्यक्षता मे प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 18वीं बोर्ड बैठक गांधी सभागार में हुई। जिसमें कुछ नई परियोजनाओं को बोर्ड द्वारा हरी झंडी मिली। रसूलाबाद घाट पर बनाए जा रहे हरित शवदाह गृहों की संख्या बढ़ा दी गई है। अब तीन की बजाय 9 हरित शवदाह गृह बनाए जाएंगे। हरित शवदाह गृह नॉर्मल शवदाह गृहों की तुलना में सिर्फ एक तिहाई ईंधन का प्रयोग करते हैं एवं इनमें वायु प्रदूषण ना के बराबर होता है।

इसी क्रम में जनपद में 6 विभिन्न स्थानों पर मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी बनाने के प्रस्ताव को भी बोर्ड द्वारा हरी झंडी दी गई है। यह फैसिलिटीज ठोस अपशिष्ट को प्रोसेस करके उनमें से पेपर, प्लास्टिक, ग्लास एवं क्लिंकर्स का रॉ मटेरियल बनाने में उपयोगी होगी। इन रॉ मैटेरियल को बनाने के पश्चात इंडस्ट्री में रीसेल किया जाएगा। क्लिंकर्स धातु मल या छोटी ईट के टुकड़े जैसा होता है जिसका उपयोग फर्श के पत्थर के रूप में किया जाता है। बैठक में कुछ अन्य नयी परियोजनाओं के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

जिसमें स्मार्ट वेंडिंग जोन, स्मार्ट स्कूल, हेल्थ एटीएम, नगर निगम जोनल कार्यालयों का जीर्णोद्धार, शहर में स्मार्ट बिन लगाना तथा एक वृहद स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाना भी शामिल रहे। बैठक में नगर आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रयागराज स्मार्ट सिटी लि. चन्द्र मोहन गर्ग समेत सभी सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कोलकाता सुपरफास्ट पूजा विशेष गाड़ी चार अक्टूबर से चलेगी



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी सं. 03125-03126 कोलकाता-अजमेर-कोलकाता सुपरफास्ट पूजा विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इससे रेल यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा मिलेगी। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ शिवम शर्मा के मुताबिक कोलकाता सुपरफास्ट पूजा विशेष एक्सप्रेस गाड़ी सं. 03125 कोलकाता से प्रत्येक मंगलवार 04 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलेगी। गाड़ी सं. 03126 अजमेर से प्रत्येक बुधवार 05 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक चार फेरे चलेगी। उक्त गाड़ी संरचना में एसी तृतीय श्रेणी 05, स्लीपर श्रेणी 10, एसएलआरडी 02 सहित कुल 17 डिब्बे होंगे।

## नीट तथा जेई मेन्स में मेधावियों ने आइन्सटीन का नाम किया रोशन, हुआ सम्मान



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** नीट तथा जेई मेंस की सफलता को लेकर शुक्रवार को धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में मेधावियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में हुए सम्मान समारोह में विद्यालय के छात्र रहे जेई मेंस की परीक्षा में अट्ठानें प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफल मेधावी सुमित तिवारी तथा इसी विद्यालय में अध्यनरत रहे नीट यूजी परीक्षा 2022 में सफल मेधावी शिवम यादव व उत्कर्ष मौर्या को आइन्सटीन का नाम रोशन करने के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। समारोह मे बतौर मुख्यअतिथि विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि मेहनत से हर मुकाम हासिल हो सकता है। उन्होंने सफलता पर मेधावियों व अध्यापकों के लगन की सराहना करते हुए पठन पाठन के माहौल को और बेहतर बनाए रखने का भी संकल्प जताया। संरक्षक विभवभूषण शुक्ल व डा. सौरभ मिश्र ने भी मेधावियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने भी मेधावियों की सफलता को विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि ठहराया। मेधावियों को सफलता पर विद्यालय परिवार ने मुंह मीठा कराकर खुशियों को साझा किया। सफल मेधावी सफलता का श्रेय विद्यालय की बेहतर शिक्षा-दीक्षा को देते दिखे। कार्यक्रम का संयोजन उप प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने किया। इस मौके पर रमेशपाल तिवारी, महेन्द्र पाठक, आशुतोष, सुदीप्ति चौधरी, नरेन्द्र शुक्ल, योगेन्द्र शुक्ल व कमलेश यादव आदि रहे।

## खड़ंजा निर्माण में गड़बड़ी की डीएम से शिकायत

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सिराथू ब्लॉक के अफजलपुर वारी गांव के महेश प्रसाद चौरसिया ने डीएम सुजीत कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वित्तीय वर्ष 2022व 23 में ग्राम पंचायत के 15वें वित्त से एक लाख 25 हजार की लागत से पक्की सड़क से पानी टंकी तक बने खड़ंजा मरम्मत का कार्य कराया गया है ।जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव ने गडबडी करते हुए सरकारी धन का बंदरबांट किया है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। अफजलपुर वारी गांव में आवागमन के लिए चल रहे वित्तीय वर्ष में ग्राम निधि के खाते से लाखों की धनराशि खर्च कर मीटर खण्डंजे के मरम्मत का कार्य कराया गया है जबकि निर्माण में तीन हजार के करीब ईट लगी है इसके अलावा मजदूरी व मिट्टी खुदाई के नाम पर सरकारी धन खर्च किया गया है। शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने मामले की जांच खंड विकास अधिकारी भावेश कुमार शुक्ला को सौंपी है। मामले में ग्राम प्रधान मोहम्मद जीशान का कहना है विपक्षी द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। कार्य योजना के बाद बने एस्टीमेट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया गया है।

## संदिग्ध दशा में कार्यदायी संस्था के मकैनिक की मौत

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** दिल्ली कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण कार्य करा रही एक कार्यदायी संस्था मे काम कर रहे मकैनिक की संदिग्ध दशा में मौत हो गई सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है की एटा जनपद के अलीगंज थाना के बालीगंज निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद रेहान नेशनल हाईवे मैं चौड़ीकरण का निर्माण करा रही एक कार्यदायी संस्था में मैकेनिक का काम करता था। युवक अटसराय में स्थित कंपनी के पास किराए का कमरा लेकर पत्नी के साथ रहता था। साथियों ने बताया कि गुरुवार को काम खत्म करने के बाद सड़क पार करते समय वह अचानक गश खाकर गिर गया और इसके बाद उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले गए जहां पर उसने दम तोड़ दिया । पत्नी गुलनाज की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी भुवनेश कुमार चौबे का कहना है प्रथम दृष्टया मामला हृदय गति रुकने का लग रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद सही जानकारी हो सकेगी।

## डाक्टर के न आने से मरीज रहे हलाकन, बिना इलाज दर-दर भटकते हुए वापस लौटे घर

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र सुजातपुर में डाक्टर के न आने से मरीजों को बिना इलाज के वापस होना पड़ रहा है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की अस्पताल में कार्यरत डाक्टर चंद्रशेखर महीने में सिर्फ एक या दो दिन आते हैं पूछे जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी का बहाना बताकर अस्पताल से गायब रहते है। ऐसे में अस्पताल केवल फार्मासिस्ट के भरोसे चलता है। ग्रामीणों ने बताया की कई बार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई लेकिन डाक्टर के आवागमन में कोई सुधार नहीं हुआ है जिस कारण क्षेत्र के मरीजों को मजबूरी वश प्राइवेट डाक्टरों के यहां इलाज कराना पड़ रहा हैं जिस कारण उन्हें अनावश्यक पैसे भी खर्चे करने पड़ते है।

## जिले में फिर से सक्रिय हुआ बाइक चोर गिरोह

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** कोखराज थाना इलाके के रोही में घर के बाहर खड़ी बाइक दिनदहाड़े हुई चोरी भट्टा संचालक मोहम्मद अरशद के घर के बाहर उनकी नई बाइक खड़ी थी जिसे चोर ने मास्टर की इस्तेमाल करते हुए चुरा लिया। भट्टा संचालक कार ड्राइवर बच्चों को लेने स्कूल गया था लौटते समय उसने चोर को बाइक ले जाते हुए देखा कुछ दूर पीछा करने के बाद बाइक चोर चकमा देकर हाईवे की ओर हुआ फरार भट्टा संचालक मोहम्मद अरशद ने इसकी शिकायत पुलिस से लिखित में की है।जनपद में चोरी की घटनाएं पुनः सक्रिय हो रही है।

## सपाट कुएं में गिरी भैंस दमकल कर्मियों ने निकाला

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर गांव के बाहर स्थित एक सपाट कुएं में भैंस गिर गई। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला है। कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर निवासी संतलाल पुत्र किशुन गांव के बाहर स्थित खेत में भैंस चरा रहा था इस दौरान पुराने एक सपाट कुएं में भैंस गिर गई। जिस पर वहां अफरा-तफरी मच गई मामले की सूचना फायर स्टेशन को दी गई जिस पर पहुंचे कर्मचारियों ने क्रेन व ग्रामीणों की मदद से कुएं में जाकर कड़ी मशक्कत के बाद भैंस को सुरक्षित बाहर निकाला है।

## शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए एमपीवीएम की प्रधानाचार्या सम्मानित

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश किन्नर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पतंजलि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (एमपीवीएम) की प्रधानाचार्या अल्पना डे को आज विद्यालय में सम्मानित किया। शुक्रवार को उन्होंने प्रधानाचार्या को बुके, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महामंडलेश्वर ने कहा कि आज समाज को सुधारने के लिए और लोगों को नई दिशा देने के लिए सभी को शिक्षित होना सबसे जरुरी हो गया है। कहा कि बेहतर शिक्षण के लिए और लोगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम पतंजलि ग्रुप शिक्षा के माध्यम से कर रहा है, जो सराहनीय है। कौशल्यानंद गिरी ने बताया कि अल्पना डे ने एमपीवीएम में वर्ष 1994 से शिक्षिका थी, उसके बाद वह गंगा गुरुकुलम इण्टर कालेज फाफामऊ में 2010 से 2022 तक प्रधानाचार्या थी। वह गंगा गुरुकुलम विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे तक ले गई। इस विद्यालय की गणना आज सीबीएसई के सबसे अच्छे विद्यालयों में होती है। उसके बाद वह पतंजलि विद्या मंदिर तेलियरगंज में 2022 से प्रधानाचार्या हैं।



उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्या अल्पना डे बच्चों को भी बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करती रहती हैं। जिससे वह आगे बढ़ सके और अपने सपनों को साकार कर सकें। प्रधानाचार्या अल्पना डे ने महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि का स्वागत करते हुए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सब जूनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता 11 सितम्बर से



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए), प्रयागराज के तत्वावधान में वर्तमान सत्र 2022-23 की सब जूनियर बालकों की वालीबाल लीग प्रतियोगिता 11 सितम्बर से प्रारम्भ होने जा रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डीवीए प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि प्रथम श्रृंखला स्थानीय बरहा कलां स्थित सरदार पटेल क्लब के क्रीड़ांगन में 11 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को आधार कार्ड के साथ-साथ जन्मतिथि का मूल प्रमाण पत्र भी साथ में लाना अनिवार्य है।

# आरएनपी कॉलेज और बीएचएस फाइनल में

**⇨ गीता श्रीवास्तव स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता**





**प्रयागराज, (संवाददाता)।** ध्रुव नारायण मेमोरियल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम गीता श्रीवास्तव स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में राज नारायण पीजी कॉलेज ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय को 2-1 और बीएचएस ने शुआट्स को टाईब्रेकर में 4-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। बीएचएस मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में आरएनपी पीजी कॉलेज के विकल्प झा व अबुजर खान ने और इविवि के अंकित चौधरी ने गोल किया। आरएनपी पीजी कॉलेज के विकल्प झा को लव श्रीवास्तव की स्मृति में मैन ऑफद मैच से पुरस्कृत किया गया। मैच से पहले मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस बालाकृष्ण नारायण एवं विशिष्ट अतिथि नारायण जी गोपाल ने परिचय प्राप्त किया। दूसरे मैच में शुआट्स और बीएचएस का मुकाबला गोलरहित बराबर रहने पर टाईब्रेकर हुआ जिसमें बीएचएस के अजय किसपोटा, लाल फक्रमोया, पंकज, सुजीत ने और शुआट्स के ऋषभ ने गोल किया। बीएचएस के गोलकीपर आकाश को मैन ऑफद मैच चुना गया। इस मैच से पहले मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी एवं पूर्व हॉकी खिलाड़ी शाहिद कमाल खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

## 29 किलो चरस तस्करी के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 29.952 किलो चरस तस्करी के आरोपित मोहम्मद इलियास की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है और सत्र अदालत द्वारा लगाए गए जुर्माने की आधी रकम छूटने के तीस दिन के भीतर जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सजा के खिलाफअपील को नियमानुसार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने दिया है। याची का कहना था कि चरस की बरामदगी तीन लोगों से की गई है। याची ने छह साल सात माह 19 दिन की लगभग आधी सजा भुगत ली है। सुप्रीम कोर्ट के सौदान सिंह केस के निर्देशानुसार जमानत पर रिहा किया जा सकता है। कहा गया कि सजा के खिलाफअपील की विचाराधीन मुकदमों की भारी संख्या के कारण जल्दी सुनवाई की संभावना नहीं है। याची को जमानत पर रिहा किया जाता है।

## एटीएम से जालसाजी व धोखाधड़ी के दो आरोपी धराये, गये जेल



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने एटीएम चोरी के जालसाजी में लिप्त दो आरोपियो को हिरासत मे लेने मे सफलता ली है। लालगंज कोतवाली में दर्ज हुए धोखाधडी तथा जालसाजी के मुकदमें मे दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। आरोपियो के पास से पुलिस को पन्द्रह एटीएम कार्ड व दस सादे एटीएम कार्ड के साथ दो स्वाइप मशीन भी बरामद करने मे सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल की अगुवाई मे दरोगा योगेन्द्र सिंह को मुखबिरी सूचना मिली कि एटीएम से रूपये की जालसाजी कर हडपने वाले दो बदमाश इलाके मे मौजूद है। पकडे गये आरोपी पूरे जनई निवासी धीरज सरोज पुत्र देवतादीन सरोज तथा इसी गांव के छोटे लाल सरोज के पुत्र हरकेश सरोज को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया।

# प्रदर्शन की बाट जोहता अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का अस्थि कलश

**⇨ अमर शहीद का अस्थि कलश राजकीय म्यूजियम लखनऊ के स्टोर रूम में कैद**



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** प्रयागराज में 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद शहीद हुए थे। पुलिस गार्द तथा नगर के अनेक नेताओं की उपस्थिति में 28 फरवरी 1931 को आजाद के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार रसूलाबाद में गंगा के तट पर किया गया। शिव विनायक मिश्र ने अन्त्येष्टि संस्कार के पश्चात अस्थियों का संचयन किया और अस्थि कलश के साथ तत्कालीन इलाहाबाद में जुलूस निकाला गया, भाषण दिए गए। लेकिन प्रयागराज में प्रदर्शन की बाट जोहता अमर शहीद का अस्थि कलश आज भी लखनऊ राजकीय म्यूजियम लखनऊ के स्टोर रूम में कैद है। सेनानायक प्रताप गोपेंद्र ने बताया कि शिव विनायक मिश्र वाराणसी में रहते थे, जो अगले दिन अस्थि कलश लेकर काशी चले गए।

तभी से अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की अस्थियां शिव विनायक मिश्र के निवास पर रही। सन 1965 में मध्य प्रदेश के जिला झाबुआ स्थित भाबरा गांव में जहां आजाद का जन्म हुआ था, मध्य प्रदेश सरकार ने विकास योजना के अंतर्गत शहीद चंद्रशेखर आजाद के नाम से आजाद स्मृति समारोह का आयोजन रामकृष्ण आश्रम के तत्वावधान में किया। अस्थि कलश संग्रहकर्ता शिव विनायक मिश्र निमंत्रण प्राप्त होने पर अस्थि कलश लेकर स्वयं भाबरा गए थे। जहां आजाद के तीन प्रमुख साथी विश्वनाथ वैशम्पायन, भगवानदास माहौर, सदाशिव मलकापुरकर भी उपस्थित थे। उस समय मध्य प्रदेश में अमर शहीद की अस्थियों का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। भाबरा स्थित आजाद की कुटिया में अस्थि कलश रखकर लोगों ने बड़े उत्साह से भावभीनी अस्थिपूजा की थी। सन 1969 को काशी में लहुराबीर चौराहे पर जब आजाद की संगमरमर प्रतिमा लगाई जा रही थी, आजाद की अस्थियों का एक अंश भी प्रतिमा के आधारशिला के नीचे रखा गया था।

प्रताप गोपेन्द्र ने बताया कि 8 दिसम्बर 1970 को शिवविनायक मिश्र का स्वर्गवास हो गया। आजाद के अन्यतम क्रांतिकारी साथी अमर शहीद भगत सिंह के भाई कुलतार सिंह उन दिनों उत्तर प्रदेश के खाद्य रसद एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के राज्यमंत्री थे। जिनके प्रयास से शिव विनायक के तीन पुत्र राजीव लोचन मिश्र, फूलचंद मिश्र, श्याम सुंदर मिश्र ने शहीद आजाद का एक मात्र प्राप्त हस्तलिखित पत्र एवं अस्थिकलश 10 जुलाई 1976 को उत्तर प्रदेश सरकार को सहर्ष सौंप दिया। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2 अगस्त 1976 को राजकीय संग्रहालय लखनऊ में लोगों के अवलोकन व श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अस्थि कलश को रखवाया। जहां अमर शहीद की अस्थियों के भव्य दर्शन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। उसके बाद अमर शहीद का अस्थिकलश फिर कभी देखा नहीं गया। प्रताप गोपेंद्र ने बताया कि लखनऊ में 2 अगस्त 2022 को संग्रहालय के वर्तमान निदेशक से अमर शहीद आजाद के अस्थि कलश दर्शनार्थ उन्होंने अनुरोध किया। जहां ताले के भीतर रखे अस्थि कलश को देखकर बड़ी तकलीफ हुई। अस्थि कलश को दर्शक दीर्घा में न रखकर राजकीय म्यूजियम लखनऊ के स्टोर रूम में रखा गया है। ज्ञातव्य हो कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के आदेश पर 3 जुलाई 1976 को आजाद की कोल्ट पिस्तौल लखनऊ संग्रहालय ने इलाहाबाद संग्रहालय को स्थाई प्रदर्शन हेतु सौंप दिया था। वर्तमान में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जिससे हर नागरिक देश के लिए शहीद होने महापुरुषों को जान सकें। उसके अंदर राष्ट्रवाद भावना जागृत हो सकें।

## ग्रन्थ स्वेदश शोभा यात्रा निकाली गयी, अनुयायियों मे उत्साह



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** नगर में शुक्रवार को ग्रन्थ स्वदेश जागरण यात्रा में बडी संख्या में अनन्त श्री सदगुरू सदाफलदेव जी के अनुयायियों को उत्साह मे देखा गया। बडी संख्या में महिलाओं व युवाओं ने नगर के तहसील रोड से घुइसरनाथ मार्ग व सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग से अस्पताल गेट तक विहंगम योग सन्देश के तहत वेदामृत के जागरण का लोगों को संदेश दिया। शोभा यात्रा में अनुयायियों को ब्रम्हविद्या को लेकर लोक कल्याण निमित्त सदाचरण के लिए प्रेरित भी किया गया। शोभा यात्रा को लेकर स्थानीय पुलिस को भी मुस्तैद देखा गया। इस मौके पर सुरेश सिंह, पप्पू गुप्ता, इन्द्रजीत गुप्ता, विंध्यादीन प्रजापति, हीरालाल, लवकुश आदि रहे।

# संपादकीय

## भारत का 'कर्त्तव्य पथ'

भारत एक बार फिर गुलामी से आज़ाद हुआ है। देश 75 साल पहले स्वतंत्र और संप्रभु हो चुका था, लेकिन गुलामी के अवशेष बचे थे। अब भी कई प्रतीक-चिह्न, प्रतिमाएं, ऐतिहासिक स्मारक ऐसे हैं, जो हमारी आज़ादी और संप्रभुता को चिढ़ाते प्रतीत होते हैं। ऐसे कई शिलालेख, दस्तावेज, ऐतिहासिक साक्ष्य आदि राजशाही के तहखानों में दबे होंगे, जो अब नए म्यूजियमों के जरिए सार्वजनिक होंगे और स्वतंत्र देश अतीत के सत्यों को देख-पढ़ सकेगा। आज 'सेंट्रल विस्टा' परियोजना बदलावकारी वक्त का विराट आंगन लगता है, लिहाजा महान और राष्ट्रवादी भी है, क्योंकि धीरे-धीरे गुलामी और औपनिवेशिक दौर के प्रतीक-चिह्न खुरचे और मिटाए जा रहे हैं। उनके स्थान पर भारतीयता स्थापित की जा रही है। यह हमारी सियासत और सत्ता का कर्त्तव्य-बोध भी है कि गुलामी की निशानियों को लगातार मिटाया जाए और नए भारत का नया, स्वदेशी चेहरा सामने आए। नया इतिहास और नई इबारतें लिखी जाएं। इस संदर्भ में राजधानी दिल्ली के 'इंडिया गेट' प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फुट ऊंची, काले पत्थर की, प्रतिमा की स्थापना और 'किंग्स वे' (राजपथ) का नामकरण बदल कर 'कर्त्तव्य पथ' करना एक शुरुआती प्रयास है। यह महज एक पत्थर बदलने की कवायद नहीं है। यह भारतीयता की प्राण-प्रतिष्ठा की जा रही है। लोकतंत्र की आत्मा और प्रेरणा अधिकार नहीं, कर्त्तव्य है। 'इंडिया गेट' पर ऐतिहासिक छतरी के तले ब्रिटिश सम्राट किंग जॉर्ज पंचम की प्रतिमा 1968 तक स्थापित रही। यह गुलामियत क्यों बरकरार रही? आज़ादी के पहले दो दशकों के दौरान हमारी सत्ता और उस पर सवार राजनेता इतना साहस नहीं जुटा पाए कि अंग्रेजी सम्राट की प्रतिमा को हटा सकते! आश्चर्य है! दरअसल इसे ही मन और मानसिकता की गुलामी कह सकते हैं, जिसने हमारे राजनीतिक नेतृत्व को भीरू और बौना बना कर रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ऐसी ही गुलामी से आज़ादी का आह्वान किया है। खुशी और देशभक्ति का एहसास हो रहा है कि देश के स्वतंत्रता संघर्ष के एक महानायक की प्रतिमा उस स्थल पर स्थापित की गई है, जहां से 'राष्ट्रपति भवन' तक का 3.2 किलोमीटर का रास्ता अब 'कर्त्तव्य पथ' है। उस पथ के आसपास केंद्रीय सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास और दफ्तर, उपराष्ट्रपति आवास, 51 मंत्रालयों के दफ्तर और हमारे गणतंत्र, संविधान और लोकशाही के सबसे महान और गरिमामय प्रतीक 'संसद भवन' आदि अपने नए रूपों को धारण कर चुके हैं। सौंदर्यीकरण के अंतिम स्पर्श ही शेष हैं। इस साल संसद का शीत सत्र नए संसद भवन में होगा। इससे महत्त्वपूर्ण राष्ट्रवाद और एकीकरण क्या हो सकते हैं? साउथ ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक और पुराने संसद भवन में म्यूजियम बनाए जाएंगे। ये किसी प्रधानमंत्री विशेष और मोदी के 'महल' का निर्माण और विकास नहीं हो रहा है। संप्रभु और 'सर्वश्रेष्ठ भारत' का मार्ग भी 'कर्त्तव्य पथ' से होकर ही गुजरता है। विपक्ष को गलती स्वीकार करनी चाहिए कि 'मोदी महल' पर 20,000 करोड़ रुपए नहीं फूंके गए हैं, बल्कि 'सेंट्रल विस्टा' क्षेत्र विकसित किया जा रहा है, जिस पर कुल 2285 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## तो हारेगी कांग्रेस

दिल्ली बनाम हिमाचल में बंटी कांग्रेस की परतें उस समय खुल गईं, जब धर्मशाला से विप्लव ठाकुर का यह बयान आया कि टिकटों संबंधी खबर कपोल कल्पना है। दिल्ली से बड़ी कचहरी लगा कर हिमाचल कांग्रेस की यह नेत्री पार्टी के शब्दों या आश्वासन को गुनहगार बना कर क्या साबित करना चाहती है, यह तो समझ नहीं आता, लेकिन भाजपा को ऐसे बयानों से ताकत जरूर मिलती है। दिल्ली से आए संकेतों की हवा निकालती कांग्रेस अनुशासन समिति की अध्यक्ष विप्लव ठाकुर न पार्टी का हित कर रही हैं और न ही अनुशासन की परिपाटी विकसित कर रही हैं। आश्चर्य यह कि जिस नेत्री का कांगड़ा की सियासत में कोई खास योगदान नहीं, वह ऐसे पद और पदक ग्रहण करना चाहती हैं, जिससे उनकी निजी बिसात में इस अवसर की खुराक पैदा हो। ऐसे में सवाल यह कि आखिर कांग्रेस को हराने वाले ऐन चुनाव के वक्त क्यों और कैसे पैदा किए जाते हैं। मंडी की पद्धर सीट से आश्रम शर्मा का टिकट मांगना कितना प्रासंगिक है, इस पर हैरानी के बजाय ठाकुर कौल सिंह की परेशानी कौन पैदा कर रहा है। यह इसलिए भी कि मंडी सदर से आश्रम के पिता और वर्तमान विधायक अनिल शर्मा, भाजपा के होते हुए भी कांग्रेस के पत्ते खोलते हैं, तो टिकट आबंटन की भूमिका में पार्टी किंकर्त्तव्यविमूढ़ सी क्यों है। आश्चर्य यह कि विप्लव ठाकुर जैसे नेता राज्यसभा में होते हुए भी न पार्टी और न प्रदेश का कुछ कर पाए, लेकिन अब मंशा यह है कि अपने घर का सियासी चूल्हा जलाया जाए। लगातार दो प्रेस वार्ताओं का विशषण बताता है कि मोहतरमा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पार्टी के भीतर अशांति को हवा दे रही हैं। देहरा व धर्मशाला से उनका व्यक्तिगत नाता व इच्छा बता रही है कि वह दो नेताओं की संभावनाओं पर अपनी खो चुकी मिट्टी का छिड़काव कर रही हैं। यह पार्टी के हित में कतई नहीं कि अनुशासनहीन तत्त्वों के साथ अनुशासन समीति की अध्यक्ष का आशीर्वचन रहे। पिछले पांच सालों में हिमाचल कांग्रेस के रुतबे को जिन्होंने बचाया या सीधे सरकार से टक्कर ली, उन नेताओं के कारण ही विपक्ष अपनी संभावना को पुख्ता कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री की अहमियत देखनी हो, तो उनके प्रदर्शन और टिप्पणियों की राह पर पार्टी बुलंद हुई है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू जैसे नेताओं ने भी भाजपा के शासन को बार-बार ललकारा है, लेकिन अधिकांश नेताओं की बोलती बंद रही है। अगर विप्लव ठाकुर को हैडलाइन बनाते हुए अपने ही नेताओं को नीचा दिखाना है, तो उनके जैसे नेताओं के कारण पार्टी को हारने से कौन मना करेगा। विप्लव का अभियान न तो मुख्यमंत्री के खिलाफ है और न ही वर्तमान सरकार की आलोचना का कोई मकसद, लेकिन मीडिया के पास जाकर वह दिल्ली के संकेतों के खिलाफ अपना पूर्वाग्रह दर्ज करा रही हैं। पहले भी बुजुर्ग नेताओं के कारण कांग्रेस खुद को कमजोर करती रही है और इस बार इसके प्रमाण विप्लव ने दिए हैं।

# 'ट्विन टावर्स' को तोडऩे के नतीजे

**डा. ओपी जोशी**

इस एक घंटे की बारिश ने वायु-प्रदूषण भले ही कम कर दिया हो, परंतु यहां के रहवासियों को अभी आगे और कुछ समय तक इसका सामना करना होगा। इसका कारण यह है कि टावर के ध्वस्त होने से पैदा 60 हजार टन (कहीं 80 हजार टन भी बताया गया है) मलबे का 11-12 मीटर ऊंचा ढेर अभी वहां पड़ा है जिसमें सीमेंट, सरिया, विस्फोटक एवं ईंट के टुकड़े आदि शामिल हैं। प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे हटाने में लगभग तीन महीने का समय लगेगा। पहले मलबे को तोडऩे एवं छंटाई का कार्य मशीनों से होगा जिससे वायु एवं ध्वनि-प्रदूषण पैदा होगा। रात के समय प्रतिदिन 25 कवर्ड डम्परों में भरकर इसे हटाया जाएगा। वैसे भी ज्यादातर डम्पर पुराने एवं डीजल-संचालित होते हैं जो काफी आवाज एवं धुआं पैदा करते हैं। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि मलबा हटाते समय सावधानियां एवं सुरक्षा उपाय नहीं अपनाए गए तो प्रदूषण निश्चित रूप से बढ़ेगा। मलबा हटाते समय पैदा धूल को नियंत्रित करने हेतु फिर हजारों लीटर पानी का उपयोग किया जाएगा

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राजधानी दिल्ली से लगे नोएडा इलाके में दो बहुमंजिला इमारतों को हाल में ढहाया गया है। वजह है, इन इमारतों का भ्रष्ट तरीकों से अवैध निर्माण। एक विशालकाय इमारत की देश में पहली बार हुई जमींदोजी ने उसके ध्वस्त करने के तरीकों पर अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। इस आलेख में इस पूरी कार्रवाई में उठे पर्यावरण-विनाश के सवालों का जवाब खोजने की कोशिश करेंगे। नोएडा के सेक्टर-93/ए में स्थित 'एपेक्स' एवं 'सियान' नामक दो टावर महज नौ मीटर की दूरी पर जुड़वा बच्चों की तरह थे एवं इसीलिए 'ट्विन टावर्स' कहे जाते थे। 32 एवं 29 मंजिलें ये टावर बगीचे एवं कुछ व्यावसायिक भवनों के स्थान पर 16 मीटर की जगह 09 मीटर दूरी पर बनाए गए थे। लगभग 10 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद पिछले वर्ष अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गिराने का आदेश दिया था। इसी आदेश के तहत ये टावर 28 अगस्त को गिराए गए। ध्वस्त किए गए इन टावर्स के निर्माण एवं ध्वस्त किए जाने के कार्यों से पर्यावरण पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से विपरीत प्रभाव हुआ। 105 मीटर ऊंचे तथा 900 फ्लैट्स के इन टावर्स के निर्माण में कितना सीमेंट, सरिया, ईंट, रेत तथा पानी लगा होगा, उसकी गणना की जानी चाहिए। 'आभासी जल' (जो दिखाई नहीं देता है) पर अध्ययन कर रहे जानकारों का कहना है कि एक टन सीमेंट एवं सरिया के निर्माण में क्रमशः 4500 तथा 20000 लीटर पानी की खपत होती है। ट्विन टावर के मलबे में 4000 टन सरिया बताया गया है। एक ईंट को पकाने में लगभग 300 ग्राम कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में जाती है। पूरे देश में 200 अरब ईंटों के बनाने हेतु प्रतिवर्ष लगभग 40 करोड़ टन अच्छी मिट्टी का उपयोग किया जाता है। रेत के लिए भी नदियों के ज्यादा दोहन से उन पर पैदा विपरीत प्रभाव से इंकार नहीं किया जा सकता।

पूरे निर्माण कार्य में करोड़ों लीटर भूजल का उपयोग किया गया होगा तो आसपास के कई क्षेत्रों में इसकी भारी कमी हो गई होगी। लगभग 400 करोड़ रुपए के टावर में 3.7 टन विस्फोटक 9642 छेदों में भरकर ध्वस्त किया गया। ध्वस्त करने वाली 'एडीफाइस' एवं 'दक्षिण अफ्रीकी जेट डिनोलेशन एजेंसी' ने इस कार्य के लिए 17.55 करोड़ रुपए लिए। टावर्स 12 सेकंड में जमींदोज हो गए। पहले 5 सेकंड में विस्फोट हुए एवं शेष 7 सेकंड में विस्फोटक पदार्थ जले। टावर्स के ध्वस्त होने से पैदा वायु-प्रदूषण के आकलन हेतु रीयल लाईन मशीनें भी लगाई गई थीं। इस मशीन की गणना के अनुसार 93/ए सेक्टर में 27 अगस्त को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 141 एवं 338 हो गया था। इसी प्रकार टावर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित पार्श्वनाथ प्रेस्टीज सोसायटी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 28 अगस्त को 338 तक पहुंच गया था एवं 29 अगस्त को घटकर 187 हो गया था। टावर ध्वस्त होने से पैदा धूल-धुएं का गुबार पहले आधा किलोमीटर के क्षेत्र में फैला, बाद में धीरे-धीरे पांच किलोमीटर में फैला, क्योंकि उस समय हवा की गति 12 किलोमीटर/प्रति घंटा की रही थी। इस धूल-धुएं के गुबार में विस्फोटक से पैदा विषैली गैसें व कई प्रकार के कणीय पदार्थ शामिल थे। साथ ही टावर्स को ध्वस्त करते समय तेज धमाकों से जो शोर पैदा हुआ उसकी तीव्रता 101.2 डेसीबल आंकी गई जो सामान्यतः 70 के आसपास रहती थी। ध्वस्त करने के पूर्व यह संभावना बताई गई थी कि लगभग 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला वायु-प्रदूषण एक सप्ताह तक बना रहेगा।



इससे सांस के मरीजों व सामान्य लोगों को परेशानी रहेगी, परंतु प्रकृति की मेहरबानी से या वहां से 6-7 घंटे के लिए हटाए गए 7000 लोगों के सौभाग्य से सोमवार 29 अगस्त को एक घंटे में हुई तेज बारिश ने वायु-गुणवत्ता काफी सुधार दी। इस एक घंटे की बारिश ने वायु-प्रदूषण भले ही कम कर दिया हो, परंतु यहां के रहवासियों को अभी आगे और कुछ समय तक इसका सामना करना होगा। इसका कारण यह है कि टावर के ध्वस्त होने से पैदा 60 हजार टन (कहीं 80 हजार टन भी बताया गया है) मलबे का 11-12 मीटर ऊंचा ढेर अभी वहां पड़ा है जिसमें सीमेंट, सरिया, विस्फोटक एवं ईंट के टुकड़े आदि शामिल हैं। प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे हटाने में लगभग तीन महीने का समय लगेगा। पहले मलवे को तोडऩे एवं छंटाई का कार्य मशीनों से होगा जिससे वायु एवं ध्वनि-प्रदूषण पैदा होगा। रात के समय प्रतिदिन 25 कवर्ड डम्परों में भरकर इसे हटाया जाएगा। वैसे भी ज्यादातर डम्पर पुराने एवं डीजल-संचालित होते हैं जो काफी आवाज एवं धुआं पैदा करते हैं। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि मलबा हटाते समय सावधानियां एवं सुरक्षा उपाय नहीं अपनाए गए तो प्रदूषण निश्चित रूप से बढ़ेगा। मलबा हटाते समय पैदा धूल को नियंत्रित करने हेतु फिर हजारों लीटर पानी का उपयोग किया जाएगा। डेनमार्क में पुराने भवनों के सामान एवं मलबे को रिसायकिल कर विभिन्न स्थानों पर उपयोग किया जा रहा है। ऐसे ही प्रयास ट्विन टावर से पैदा मलवे पर भी किए जाने चाहिए। ट्विन टावर को ध्वस्त करना भ्रष्टाचार के साथ-साथ एक बड़ी पर्यावरणीय और प्राकृतिक संसाधनों की हानि को भी दर्शाता है। अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ट्विन टावर्स को ध्वस्त कर देने मात्र से भ्रष्टाचार रुक जाएगा। अधिकतर लोगों का मानना है कि भारत में नेताओं व कारोबारियों के मजबूत गठजोड़ के कारण भ्रष्टाचार पर अंकुश लगना मुश्किल है। फिर सवाल यह भी है कि ट्विन टावर्स को ध्वस्त करने के कारण कई सौ करोड़ रुपए की हानि देश को उठानी पड़ेगी। अतिक्रमणों को ढहाने के बजाय क्या कोई अन्य समाधान नहीं है ताकि उन पर आई लागत के सदृश मुद्रा को नष्ट होने से बचाया जा सके। ट्विन टावर्स को सामुदायिक कल्याण के लिए भी तो उपयोग किया जा सकता था। अगर उन्हें न ढहाया जाता तो अरबों रुपए नष्ट होने से बच सकते थे। भविष्य के लिए सरकार को अतिक्रमणों को लेकर इस तरह की नीति बनानी चाहिए। आखिर वह संपत्ति जो नष्ट हुई, वह देश की संपदा थी। इस तरह की संपदा को बचाने के लिए कुछ उपाय होने चाहिए, अतिक्रमणकारियों को दंड देने के लिए तो और भी कई तरीके हैं।

# एसएमसी की दखलअंदाजी और प्रासंगिकता

भावनामयी इस अध्यापक व विद्यार्थी का संबंध ही संसार में एक ऐसा संबंध है जिसमें हर एक अध्यापक पूरी तरह से देने की भावना से भरा होता है व अपना ज्ञान विद्यार्थी की झोली में डालता है

एसएमसी को स्कूल कल्याण के लिए कई संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं। क्या इनका ज़मीनी स्तर पर लाभ मिल रहा है या कहीं करप्शन का दूसरा नाम इसका पद तो नहीं हो रहा? निस्संदेह नीति के अंतर्गत पारदर्शी सोच वाला व्यक्तित्व व कल्याण की भावना रखने वाला व्यक्ति यदि एसएमसी प्रधान के पद पर तैनात होता है तो वह प्रधानाचार्य के साथ मिलकर स्कूल के स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है, लेकिन प्रश्न कई हैं? क्या ज़मीनी स्तर पर सरकार की इस सोच को बल मिला है, जिसके तहत एसएमसी का इस रूप में प्रादुर्भाव हुआ। यदि जमीनी स्तर पर मूल्यांकन किया जाए तो दस प्रतिशत भी हां में जवाब नहीं मिलेगा। उल्टे कई जगह इसका प्रतिकूल प्रभाव ही नज़र आ रहा है। एसएमसी प्रधान कई जगह इसे पंचायत प्रधान की तर्ज़ पर जोड़ रहे हैं, स्कूल के सर्वेसर्वा बनना चाहते हैं व हर कार्य के लिए अपनी अनुमति लेना संवैधानिक अधिकार मान रहे हैं। यहां तक कि कोई तबादला हो या रिटायरमेंट विदाई पार्टी, इसके लिए इन्हें पूछा जाए, ऐसी सोच को सिर्फ अपनी उपस्थिति व शक्ति का आभास करवाना होता है। इन्हें शिक्षा व शिक्षा के स्तर को शिखर तक पहुंचाने में लेशमात्र भी दिलचस्पी नहीं है। ग्रामीण-शहरी दोनों ही क्षेत्रों में यह देखने में पाया गया है कि जो शिक्षक इनके साथ खाने-पीने व दोस्ती का भान करवाते हैं, वे चाहे अपना कार्य सुचारू ढंग से करें या न करें, उनके हक में यह तबादले न करवाने की सिफारिश कर डालते हैं या यूं कहें कि यह ऐसे शिक्षकों के दिमाग के मोहरे बन जाते हैं। जहां इनसे दूरी बरती गई, वहां धमकी व ट्रांसफर का दौर शुरू। यह ज्यादा मुश्किल हालात वहां पैदा करते हैं जहां जैंडर भिन्नता हो। ऐसे में किसी भी संस्था का उत्थान कैसे संभव है। नीतिकार नीतियां तो बनाते हैं, पर उसका ज़मीनी स्तर पर क्या असर है, इस पर कार्य शून्य है। हर नीति पर उसके अच्छे व बुरे परिणाम की समीक्षा होनी चाहिए। अभिभावक भी एसएमसी के महत्त्व को उसके प्रधान की नियुक्ति तक ही सीमित मानते हैं व कई जगह यह प्रधान अभिभावकों को अध्यापकों से सीधे संवाद से मना कर व खुद के माध्यम से बात करने का जिक्र करते सुने गए हैं। वे शायद उन्हें दी गई सहूलियत का राजनीतिक द्वेष भावना में भी उपयोग करते पाए गए व अपने शक्ति प्रदर्शन का अड्डा स्कूल जैसी संस्था को बनाते फिरते हैं। अभिभावक भी उनकी इस मंशा से बेखबर अनभिज्ञता के कारण उनकी कठपुतली बन लक्ष्य से भ्रमित होते हैं। स्कूल में केन्द्र बिन्दु सिर्फ विद्यार्थी हैं, फिर चाहे अध्यापक, अभिभावक या एसएमसी कोई भी क्यों न हों, लक्ष्य सिर्फ एक ही है, विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास। आने वाले भारत की रूपरेखा सिर्फ स्कूल में ही गढ़ी जाती है। स्कूल भविष्य की उम्मीद की किरण ही नहीं, बल्कि आशा व विश्वास की एक परिपक्व धुरी है जिसमें भविष्य के भारत के सपने खिलखिला रहे हैं। इसकी जिम्मेदारी अध्यापक पर तो है ही, पर नीतिकारों ने इसकी जिम्मेदारी एसएमसी के ज़रिए अभिभावक के कंधे पर भी दी है जिसे अभिभावक समझने में पिछड़ रहा है। अभिभावक यह भूलता जा रहा है कि उनके बच्चे के दुनिया में दो ही हितैषी हैं, एक वह स्वयं, दूसरा अध्यापक, न कि कोई एसएमसी या उसका प्रधान। क्योंकि उनके बच्चे को जितना वे स्वयं अच्छे से समझ सकते हैं या उसका अध्यापक, उतना कोई और नहीं, फिर चाहे एसएमसी प्रधान हो या कोई और। इसके लिए अभिभावक व अध्यापक की सीधी बातचीत बहुत जरूरी है। लेकिन अभिभावक जैसे चेतना खोए बस शून्य में जा बैठे हों या उन्हें सिस्टम या स्कूल किसी पर भरोसा ही न रहा हो। निस्संदेह इसके लिए अभिभावक ही दोषी नहीं, बल्कि अध्यापक भी जिम्मेदार है क्योंकि वह भी तबादले के डर से व स्कूल में सालों अपनी जगह बनाने के एवज़ में सत्य से आंखें चुराए, मतलब की धुरी में नजर आ रहा है व एसएमसी प्रधान से दोस्ती गांठ कर अपना उल्लू ही नहीं साधते, बल्कि कई बार अपने साथी अध्यापक से मतभेद के कारण अपनी शिक्षा का लाभ उठाए एसएमसी प्रधान को भी भडक़ाते नज़र आते हैं व स्कूल कल्याण कार्य में कई तरह की बाधा उत्पन्न करते हैं। इसी अज्ञानता व दिग्भ्रमित होने के कारण अभिभावक अध्यापक को पहचान ही नहीं पाते। एक अध्यापक सिर्फ कक्षा में सिलेबस नहीं करवा रहा होता, बल्कि वह हर एक बच्चे के बौद्धिक स्तर के हिसाब से उसकी सोच को सही दिशा दे रहा होता है। क्योंकि इनसान बन कर ही उत्थान संभव है, न कि किसी विषय में अंक लेकर व्यक्ति उत्थान के मार्ग पर चल पड़ता है। यदि ऐसा होता तो कोई इंजीनियर लादेन नहीं बनता। सोच पनपना व दिशा देना सिर्फ स्कूल का कार्य है। लेकिन अध्यापक बच्चे की पूरी साइकोलॉजी जानता है क्योंकि माता-पिता की तरह वह उससे स्नेह ही नहीं करता अपितु मातृ-पितृ प्रेम से भिन्न मोह से ग्रस्त नहीं होता जिस कारण सत्य देख पाता है। वह कक्षा कक्ष की भूमिका में मानसिक चेतना, बौद्धिक स्तर को उजागर ही नहीं करता, अपितु मूल्यों का समावेश कर उसकी अंतरात्मा को प्रकाशमान करता है। हर एक बच्चा अपने में अद्वितीय, दूसरे से भिन्न है।

## वर्ग पहेली 4764

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | | 20 |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. थाईलेंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नित्तल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, निमय (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूर्ण्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर यह शाहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

### वर्ग पहेली 4763 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्मू | क | श्मी | र | ■ | सं | ग |
| यं | ■ | म | ■ | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | ■ | य | ■ | द | र |
| ■ | ड | ■ | अ | न | म | ना | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | हे | ■ | सु |
| फ | ■ | ल | व | कु | श | ■ | न |
| सो | म | वा | र | ■ | ■ | मा | सा |
| स | ■ | न | त | ■ | पा | ल | न |

# छोटा परदा

**शनिवार, दिनांक 10 सितंबर-2022**

**StarPlus:** 11:00 अनुपमा, 12:30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:30 साथ निभाना साथिया, 3:30 साथ निभाना साथिया, 4:00 साथ निभाना साथिया, 5:00 साथ निभाना साथिया, 5:30 चीकू की मम्मी दूर की, 6:30 गुम है किसी के प्यार में, 8:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10:00 अनुपमा



**Sony Entertainment Television:** 11:00 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 12:30 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 2:00 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 3:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 4:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 5:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 6:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4,



7:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 7:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 8:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 9:30 द कपिल शर्मा शो, 11:00 द कपिल शर्मा शो

**Zee TV:** 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 कुंडली भाग्य, 2:30 मीता, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 4:30 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 पवित्र रिश्ता, 7:00 भाग्य लक्ष्मी, 7:30 कुंडली भाग्य, 10:00 जी कॉमेडी शो, 11:00 जी कॉमेडी शो

**Colors:** 11:00 खतरों के खिलाड़ी, 11:30 विद्या, 12:00 खतरों के खिलाड़ी, 12:30 खतरों के खिलाड़ी, 1:00 खतरों के खिलाड़ी, 1:30 खतरों के खिलाड़ी, 2:00 खतरों के खिलाड़ी, 2:30 खतरों के खिलाड़ी, 3:00 खतरों के खिलाड़ी, 3:30 खतरों के खिलाड़ी, 4:00 खतरों के खिलाड़ी, 5:00 उडारियां,



8:00 डांस दीवाने, 10:00 डांस दीवाने, 10:30 डांस दीवाने, 11:00 डांस दीवाने

**Sony SAB:** 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 12:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 12:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 1:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 1:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:00



तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:30 डांस दीवाने, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 10:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**DD National:** 10:00 एक नई सुबह, 1:00



श्रीगणेश, 5:00 नर्गिस, 5:30 इतिहास, 6:00 मुझे मेरी कॉम बनना है, 6:30 कोप्पा, 7:00 एक नई सुबह, 7:30 केरियार प्रभा, 8:00 फाईट फाईट डेली, 8:30 रग-रग में गंगा, 9:00 सौ करोड़ का कवि, 10:00 शिलांग हॉलीडे, 10:30 गोलमाल अस्पताल, 11:00 अजनबी

**Zee Cinema:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

**Movies OK:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म

# आज का राशिफल

- **मेष:** नौकरी में विदेश यात्रा के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा।
- **तुला:** परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है।
- **वृषभ:** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।
- **वृश्चिक:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।
- **मिथुन:** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा कष्टमयी हो सकती है।
- **धनु:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा।
- **कर्क:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।
- **मकर:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
- **सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं।
- **कुंभ:** मानसिक शान्ति के लिए परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।
- **कन्या:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश भी जा सकते हैं।
- **मीन:** विचारों के प्रभाव से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 4764

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 4763

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

# नम आंखों के साथ गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

⇨ जमकर उड़ा गुलाल, डीजे की धुन पर जमकर थिरके श्रद्धालु ⇨ सड़कों पर गणपति भक्तों का हुजूम, केन घाट पर रही भीड़






**बांदा, (संवाददाता)।** प्रथम पूज्य गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस गाजे बाजे और धूमधड़ाके के साथ निकाला गया। विसर्जन जुलूस में शामिल गणपति भक्त रंग और अबीर गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर थिरकते चल रहे थे। तकरीबन आधा सैकड़ा से ज्यादा गणपति प्रतिमाओं का केन नदी के विसर्जन घाट पर ले जाया गया। इसके बाद नाव में रखकर गणपति प्रतिमाओं को केन नदी के जल में विसर्जित किया गया। तमाम गणेश भक्त विसर्जन के दौरान फफक कर रो पड़े। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से नगर कोतवाली समेत कई थानों का पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। इसके साथ ही अंधेरा होने पर इमरजेंसी लाइट व्यवस्था भी की गई थी। शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दोपहर से गणेश विमानों का शहर भ्रमण शुरू हो गया था। जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने गणपति प्रतिमाओं की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया। विसर्जन जुलूस में शामिल गणेश भक्त रंग और अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इसके साथ ही डीजे और ढोल नगाड़े की धुन पर गणेश भक्त जमकर थिरके। रह-रहकर गणपति का गगनभेदी जयकारा लगाया जा रहा था। केंद्रीय पूजा कमेटी के पदाधिकारियों के मुताबिक देर शाम तक आधा सैकड़ा से ज्यादा गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस के दौरान रास्ते में जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुलिस फोर्स तैनात रही। इधर, गणपति भक्तों ने रास्ते में जुलूस में शामिल भक्तों का स्वागत सत्कार करने के लिए पंडाल लगाया था। वहां पर गणपति भक्तों को जलपान कराया गया। गौरतलब हो कि शहर में तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। तमाम पंडाल बनाए गए थे। इसके साथ ही घरों में भी श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं की स्थापना भक्तों ने की थी।

**ई-रिक्शा से भी लाए गए गणपति**

बांदा। शहर में विभिन्न स्थानों पर गणपति प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। नवरात्र पर्व की तरह ही अब गणपति महोत्सव मनाए जाने का सिलसिला बुंदेलखंड में तेजी के साथ शुरू हो गया है। प्रति वर्ष गणपति पंडाल सजाने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अबकी बार दो दर्जन से ज्यादा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। शुक्रवार को गणपति विसर्जन के दौरान बड़ी प्रतिमाओं को ट्रैक्टर-ट्राली में लाया गया। जबकि छोटी गणपति प्रतिमाओं को लोडर, हथठेलिया और ई-रिक्शा से केन नदी विसर्जन घाट लाया गया और नम आंखों से गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

**विसर्जन के समय फफक कर रो पड़े गणपति भक्त**

बांदा। सप्ताह पर गणपति के चरणों में माथा टेककर आरती उतारने और पूजा-अर्चना करने वाले गणपति भक्तों का मन विसर्जन के दिन भारी नजर आया। सुबह से ही विसर्जन की तैयारियां की जा रही थीं। वाहनों में गणपति प्रतिमाओं को केन नदी तक ले जाया गया और वहां पर जब विसर्जन का वक्त आया तो तमाम गणपति भक्त फफक कर रो पड़े।

# दहेजलोभी ससुरालियों पर उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

⇨ ससुर और पति समेत ननदों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**बबेरू, (संवाददाता)।** दहेज के लिए ससुरालीजन अपनी बहू को किस तरह प्रताड़ित करते हैं, इसक नमूना देखने को मिला। मायके से विदाई कराने के बाद ससुराल में ससुरालियों ने अपनी बहन को रिहायशी मकान में नहीं बल्कि पशुबाड़े में रखा। इतना ही नहीं बार-बार पानी में भिगोकर उसे अचेत कर दिया। रात में होश आने पर सुमन ने अपने मायके में फोन कर सूचना दी। परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों को साथ लेकर ससुराल से युवती को मायके लाया गया और उसका उपचार कराया गया। युवती के परिजनों ने तहरीर देकी ससुर और पति समेत दो ननदों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। गौरतलब हो कि बबेरू कस्बा निवासिनी सुमन देवी पुत्री नन्हेराम की शादी 16 फरवरी 2019 को पंकज उर्फ बसंत पुत्र कुंवरलाल कुशवाहा निवासी ग्राम घुघुवा घाटमपुर जनपद कानपुर के साथ शादी हुई। इस दौरान पर्याप्त दहेज भी दिया गया। विदाई के बाद ससुर 5 लाख नगद, एक बाइक की मांग करते रहे। जिसे लेकर आए दिन सुमन के साथ मारपीट करते थे। अपनी बात सुमन ने अपने मायके में बताई। पिता ने अपनी गरीबी के चलते दहेज देने से मना कर दिया, जिसे लेकर कई बार बिरादरी पंचायत भी हुई। दिसंबर 2021 को पति ने बाइक से अपनी पत्नी अबोध बच्ची को बबेरू चौराहे पर छोड़ गया और दहेज लेकर आने की बात कहा। फिर सुमन ने बबेरू कोतवाली जाकर परिवार परामर्श केंद्र में शिकायत की। पति को बुलाया गया। 13 जनवरी 2022 को सुलह कराकर विदा किया गया। बीती 2 सितम्बर को ससुरलीजनों ने अपने रिहायशी घर से सुमन को निकाल कर पशु बाड़े में रख दिया। जब सुमन ने खाना मांगा तो ससुर कुंवर पाल, पति पंकज, ननद नीरज, सोनम ने मिलकर पानी डाल-डाल कर बेहोश कर दिया और भाग निकले। सुमन को जब रात में होश आया तो उसने मायके फोन करके आपबीती बताई। सुबह भाई दुर्गेश, परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य सुनीता भारती, मीना भारतीय ने ससुराल जाकर हालत देखी। ग्राम प्रधान विमला देवी को बुलाकर सुमन को लेकर मायके लाकर इलाज कराया। कोतवाली जाकर कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह को पूरी दास्तान बताई। पुलिस ने ससुर, पति, दोनो ननदों के विरुद्ध धारा 498, 323, 342, 354, 506 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 में 3/4 में मुकदमा दर्ज कर सुमन का मेडिकल कराया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नरैनी, (संवाददाता)।** कस्बा के अतर्रा मार्ग देविन नगर निवासी प्रमोद साहू (37) पुत्र भगवानदीन साहू ने दोपहर बाद अपने घर के अंदर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव फंदे पर लटकते हुए देखा तो कोहराम मच गया। मृतक के तीन बेटी व एक बेटा है। चारो बच्चे नाबालिग हैं। मृतक प्रमोद के भतीजे हेमंत ने बताया कि पिछले वर्ष ही मृतक के पिता की बीमारी से मौत हुई थी, तभी से वह मानसिक रूप से परेशान व बीमार रहता था। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकारी और होम्योपैथिक अस्पतालों में मरीजों का रेला

⇨ स्टाफ की कमी के बीच बमुश्किल मिल पा रहा उपचार

**बांदा, (संवाददाता)।** इन दिनों मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के कारण अस्पताल खुलते ही मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। जिला अस्पताल के साथ ही जनपद के होम्योपैथिक अस्पतालों में भी मरीजों का रेला पहुंच रहा है। स्टाफकी कमी होने के कारण मरीजों को उपचार भी मुश्किल मिल पा रहा है। इसके अलावा अन्य अव्यवस्थाएं भी हावी हैं। इन दिनों संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। मरीज भी सरकारी और होम्योपैथिक अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। मरीजों की खासी भीड़ जमा हो रही है। चिकित्सकों की मानें तो होम्योपैथिक अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उल्टी दस्त, सर्दी जुकाम, बुखार से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। होम्योपैथिक अस्पतालों में भर्ती करने की व्यवस्था नहीं है। सिर्फ मरीजों का फौरी तौर पर उपचार किया जाता है। जनपद में 27 होम्योपैथिक अस्पताल हैं। इन अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। इतना ही नहीं इन अस्पतालों में कर्मचारियों की भी कमी है। ऐसी स्थिति में अस्पताल खोलने और बंद करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के बाद संक्रामक बीमारी, उल्टी दस्त, सर्दी जुकाम बुखार, वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। इतना ही नहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज सरकारी अस्पतालों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए होम्योपैथिक अस्पतालों का सहारा ले रहे हैं। जिला अस्पताल स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक डा. श्वेता यादव ने बताया कि प्रतिदिन 100 से 150 मरीज आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्दी जुकाम बुखार के अलावा खुजली के भी मरीज आ रहे हैं। दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

## किसान की मौत पर परिजनों का हंगामा

**बांदा, (संवाददाता)।** प्राइवेट क्लीनिक संचालक के द्वारा किसान को इंजेक्शन लगाया गया, इसके बाद किसान की हालत बिगड़ गई। इस पर परिवार के लोगों ने हंगामा किया और मेडिकल कालेज ले गए, वहां पर किसान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के मझीवां सानी गांव निवासी बलवंता (52) पुत्र छोटवा को कई दिन से बुखार आ रहा था। सांस लेने में तकलीफथी। गुरुवार को दोपहर वह ओरन स्थित प्राइवेट क्लीनिक संचालक के यहां इलाज कराने गए। इंजेक्शन लगाने के बाद बलवंता की हालत बिगड़ गई। पुत्र बासदेव वर्मा व राममनोहर उन्हें बाइक में लेकर मेडिकल कालेज लाए। यहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र बासदेव ने आरोप लगाया कि क्लीनिक संचालक के गलत इलाज से मौत हुई। इंजेक्शन लगने के बाद हालत बिगड़ी। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मृतक खेतीबाड़ी करता था। उसके तीन पुत्र व दो पुत्रियां हैं। इधर, परिजनों का आक्रोश देखकर क्लीनिक संचालक और वहां का स्टाफ रफूचक्कर हो गया। परिजनों ने हंगामा किया और क्लीनिक संचालक पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

# चेकिंग के दौरान संयुक्त टीम ने पकड़े 37 बालू भरे ट्रक



**बांदा, (संवाददाता)।** ओवरलोडिंग पर एक बार फिर से कार्रवाई की गई। पुलिस परिवहन और राजस्व की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर बालू भरे 37 ट्रकों को पकड़ कर सीज किया है। पकड़े गए ट्रक ओवरलोड, बिना रायल्टी व अन्य कागजातों के बगैर परिवहन कर रहे थे।

सीमावर्ती मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले की बालू खदानों और टीलों से मौरंग का खनन कर बीते कई माह से स्योढ़ा(गिरवा)क्षेत्र में केन नदी में बने पुल को पारकर बालू भरे सैकड़ो ट्रक रोज उत्तर प्रदेश के रास्ते निकल रहे थे। क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार ने बताया कि तहसीलदार सत्यप्रकाश और आरटीओ बांदा को साथ में लेकर गुरुवार रात अभियान चलाकर 37 ट्रकों को पकड़कर गिरवा थाने में सीज किया गया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कुछ ट्रकों के चालक गाड़ी छोड़कर भाग गए हैं जिससे उनके प्रपत्रों की जांच नहीं हो पाई है। बताया कि परिवहन, बिक्री व खनन विभाग को सूचना देकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।बड़ी संख्या में ट्रकों को पकड़े जाने की कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। एमपी की रामपुर, श्रृंगारपुर, कदैला,आदि गांवो की बालू खदानों में सन्नाटा पसर गया है।

## विसर्जन को गए किशोर की नहर में डूबकर मौत

**बांदा, (संवाददाता)।** गणपति प्रतिमा विसर्जन करने गया किशोर नहर में डूबकर लापता हो गया। श्रद्धालुओं की मदद से पुलिस ने आधे घंटे बाद बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अतर्रा कस्बे के कृष्णा नगर निवासी बेवा रामदुलारी का पुत्र विकास यादव (14) मुहल्ले में स्थापित गणेश प्रतिमा के विसर्जन में गया था। कस्बे में भ्रमण करते हुए गणपति प्रतिमा को केन नहर ले जाया गया। वहां पर गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान किशोर नहर में डूब गया। अन्य श्रद्धालुओं ने शोर मचाया और नहर में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने भी नहर से किशोर को बाहर निकालने का प्रयास किया। तकरीबन आधे घंटे के बाद श्रद्धालुओं की मदद से विकास को अचेत हालत में पानी से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# युवक को घर में घुसकर दबंगों ने पीटा

⇨ बिसंडा के शिव और नरैनी कस्बे में हुई घटनाएं
⇨ लूट का आरोप, पुलिस को दी गई सूचना

**बांदा, (संवाददाता)।** दबंगों ने घर में घुसकर एक युवक को जमकर पीटा। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने लूटपाट का भी आरोप लगाया है। एक अन्य घटना में युवक को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी ज्ञानेंद्र (18) पुत्र देवकुमार गुरुवार की रात घर में अकेला सो रहा था, तभी गांव के तीन लोग घर में घुस आए। उसे जबरदस्ती घर से बाहर घसीट ले गए। लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से वार कर लहूलुहान कर दिया। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। वहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। घायल के पिता ने बताया कि उसका पुत्र दो दिन पहले मुंबई से कमाकर घर वापस लौटा था। पड़ोस के लोग दबंगई दिखाते हुए घर में घुस आए। मारने पीटने के बाद 30 हजार रुपया और एक मोबाइल फोन लूटकर ले गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। एक अन्य घटना में नरैनी कस्बा निवासी सुरेश (44) पुत्र छकौड़ीलाल को गुरुवार की रात पड़ोस के ही तीन लोगों ने लोहे की राड और लाठी से मारकर लहूलुहान कर दिया। उसे भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरेश के परिजनों ने बताया कि सुरेश ने पड़ोसी से सात वर्ष पहले जमीन खरीदी थी। वह पड़ोसी जमीन देने के लिए तैयार नहीं था। इस पर थाने में सुलह समझौता हुआ। इस पर भी वह रुपया देने को तैयार नहीं था। सुरेश पड़ोसी के घर रुपया मांगने गया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। तीन लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

# एफपीओ गठन के लिए किसानों को करें जागरूक :डीएम



**चित्रकूट, ब्यूरो।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के अंतर्गत आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं कृषक उत्पादक संगठन की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती की कार्य योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इनसीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेजिड्यू योजना, भूमि संरक्षण की योजनाओं एवं एफपीओ गठन आदि की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि राजकुमार को निर्देश दिए कि किसानों को दलहन में अरहर, चना, मसूर के जो छोटे दाने की खेती किसान करते हैं, उसके मार्केटिंग की व्यवस्था कराई जाए तथा बड़े दाने की खेती के लिए किसानों को बीज उपलब्ध करा कर एफपीओ का गठन करा कर ग्रुप बनाकर फसलों का उत्पादन कराएं ताकि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो, तथा किसानों को जहां पर दलहन की खेती अच्छी होती है, वहां का भ्रमण कराकर उन्हें जानकारी दिलाई जाए तथा जो किसान वहां से प्रशिक्षण लेकर आए तो उनसे यहां के किसानों को भी प्रशिक्षण दिलाएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जो कृषक दूध उत्पादन कर रहे हैं, उसमें दस लोगों का ग्रुप बना कर उन्हें बाहर प्रशिक्षण दिलाया जाए ताकि दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रकार सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों को भी भ्रमण कराकर मत्स्य पालन पर भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने उपनिदेशक कृषि से कहा कि सब्जी वाले किसानों को कृषि केंद्र मझगवां का भ्रमण अवश्य कराएं, तथा प्रत्येक ब्लॉक व जनपद स्तर पर किसान गोष्ठी का भी आयोजन कराए। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में ज्वार, धान, बाजरा का प्रदर्शन कराया गया है, उसका निरीक्षण कराएं, रबी की फसलों में गेहूं में शरबती एवं चना में बड़े दाने की व्यवस्था करा कर किसानों को समय से उपलब्ध कराकर बुवाई कराएं। इसमें आप जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां मिलकर कार्य करें। उन्होंने डीडीएम नाबार्ड को निर्देश दिए कि और किसानों के एफपीओ का गठन कराकर दलहन तिलहन उद्यानीकरण, फल, फूल, सब्जी, जड़ी बूटी की खेती को बढ़ावा दिया जाए। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से यह भी कहा कि अगली बैठक में जो एफपीओ कार्य कर रहे हैं, उनके संस्था के लिपिक को भी बुलाया जाए जो लेन-देन करता है ताकि यह पता चल सके कि इन लोगों को फायदा हो रहा है कि नहीं। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि से कहा कि जो योजनाएं कृषि विभाग से संचालित की जा रही हैं, उसमें किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाएं। जिन कृषि यंत्रों एवं बीजों में सब्सिडी दी जाती है, उसे डीबीटी के माध्यम से ही किसानों के खातों में भेजा जाए तथा जिन योजनाओं में किसानों का चयन किया जाए उसे पारदर्शिता के आधार पर कराएं। किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत खेत तालाब योजना की समीक्षा पर भूमि संरक्षण अधिकारी हरिराज ने बताया कि इस वर्ष खेत तालाब योजना में 1181 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें किसानों से टोकन जनरेट करके धनराशि जमा कराकर सत्यापन कर कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि से कहा कि खेत तालाब योजना में जितने किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया था और सत्यापन के बाद जो अपात्र पाए गए उसकी जांच कर सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि गत वर्ष के बने खेत तालाब का निरीक्षण कराएं एवं गत वर्ष जो किसानों के क्लस्टर बनाकर उद्यान, कृषि, मत्स्य, पशुपालन में कार्य कराए गए हैं, उसका भी निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो खेत तालाब निर्माण में गत वर्ष के अभी अधूरे हैं, उन्हें तत्काल पूर्ण करा दिया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक दीपक कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिराज, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य आदि मौजूद रहें।

# खनिज और विद्युत विभाग की राजस्व वसूली मिली कमजोर

**चित्रकूट, ब्यूरो।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर, स्टांप, परिवहन, आबकारी, खनन, वन, बैंक, विद्युत, नगरपालिका, नगर पंचायत, मंडी आदि विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने खनिज व विद्युत की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष वसूली असंतोषजनक पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि अधीक्षण अभियंता विद्युत एवं जिला खनिज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए कि वसूली कम क्यों हुई है। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिए कि बैंक व विद्युत देय, वाणिज्य कर, स्टाम्प शुल्क की आरसी की वसूली पर प्रगति कराएं तथा सभी विभागों की आरसी को दर्ज किया जाए। डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर विजय कुमार सोनी को निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्य को बढ़ाकर वसूली में प्रगति कराई जाए। एआईजी स्टांप को निर्देश दिए कि स्टांप एवं पंजीयन पर जो रजिस्ट्री आवास के है वह आवासीय ही कराया जाए जो गत माह 10 बड़े बैनामा हुए हैं, उसकी सूची उपलब्ध कराएं। क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जो जमीन मालिक एग्रीमेंट करता है तो उसकी सूचना क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। परिवहन की समीक्षा पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार को निर्देश दिए कि जिन वाहनों का रोड टैक्स बकाया है, उन पर कार्यवाही करके वसूली कराएं तथा ओवर लोडिंग वाहनों पर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार से कहा कि वसूली में प्रगति कराएं तथा अवैध शराब के खिलाफ छापामार की कार्यवाही भी कराई जाए। अपर जिलाधिकारी से कहा कि तहसीलदारों व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आरसी वसूली की बैठक कर समीक्षा करें कि प्रगति क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकाय के अंतर्गत दुकानों आदि विभिन्न क्षेत्रों में कर को बढ़ाएं ताकि नगर निकायों की आय में वृद्धि हो सके, आवासीय टैक्स भी बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजापुर को निर्देश दिए कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजापुर के कार्यों में अगर सुधार नहीं होता है तो इनकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें ताकि शासन को पत्र लिखकर इनके खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके'। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि राजस्व वाद लंबित न रहे उनका जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर जो शासकीय भूमि पर अबैध कब्जा है उन्हें चिन्हित कर तत्काल खाली कराए। कहा कि तहसीलों में जो दस बड़े बकायेदार दर्ज है उनकी भूमि की नीलामी कराएं तथा इन लोगों की सूचना एआईजी स्टाम्प को दें ताकि यह अपनी भूमि का बैनामा भी न करा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, उप जिला अधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, राम जन्म यादव, आकांक्षा सिंह आदि मौजूद रहे।

# वायु प्रदूषण से बचाव को सभी लें संकल्प

**चित्रकूट, ब्यूरो।** वायु प्रदूषण से आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, चलने में थकावट सहित तमाम बीमारियां का खतरा रहता है। ऐसे में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय क्लिन एयर फॉर ब्लू स्काईज अभियान के तहत वायु प्रदूषण से बचाव के लिए सभी को संकल्प लेना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जनपदवासियों से ऐसी अपील की है। सीएमओ डा भूपेश ने बताया कि 7 से 10 सितंबर तक जागरूकता अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर वायु प्रदूषण से आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी, चलने पर थकावट और सीने में दर्द आदि लक्षण दिखे तो तत्काल सरकारी अस्पतालों में संपर्क करें। यहां पर इसका निशुल्क इलाज उपलब्ध है। ऐसे लक्षण दिखते हैं तो इसका समय से इलाज होना जरूरी है। फेस मास्क का इस्तेमाल कोविड व टीबी के संक्रमण से तो बचाता ही है। इसके साथ वायु प्रदूषण से बचाव में भी यह कारगर है। तीसरे अंतर्राष्ट्रीय क्लीन एयर फोर ब्लू काइज दिवस की थीम द एयर वी शेयर कीप इट क्लिन रखी गई है। इसका मतलब है कि सब मिलजुल कर हवा की शुद्धता सुनिश्चित करें। ताकि विभिन्न बीमारियों से बचाव किया जा सके। उन्होंने बताया कि स्वसन रोग के मरीजों 5 वर्ष से छोटे बच्चों, ह्रदय रोग के रोगियों गर्भवती व बुजुर्ग के लिए वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा जोखिम भरा है। इससे आंखों में जलन, स्वसन रोग, त्वचा रोग, ह्रदय रोग की दिक्कत होती है। इस कारण ग्लोबल वार्मिंग, अम्लीय वर्षा, स्माग कृषि भूमि के क्षरण,जीव जंतुओं का विलुप्त होना, भवनों के क्षरण जैसी समस्याएं आ रही हैं। इससे बचाव के लिए सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग, धुआं रहित ईंधन का प्रयोग, अधिक से अधिक पौधरोपण, उद्योगों के अपशिष्ट गैस के ट्रीटमेंट के बाद ही निष्कर्षण, पटाखा, कूड़ा, पत्ती, पराली न जलाना और घरों की खिड़कियां सुबह, शाम बंद रखने जैसे उपाय सभी को करने होंगे। सौर ऊर्जा व प्राकृतिक ऊर्जा का अधिक से अधिक इस्तेमाल करके वायु प्रदूषण से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर बच्चों में होने वाली हर 10 में से एक मृत्यु वायु प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं के कारण होती है। बच्चों के अंग पूरी तरह से विकसित नहीं होते हैं और उनका श्वसन मार्ग अधिक संकरा होता है। ऐसे में प्रदूषकों के प्रवेश से उनके ऊतक खराब हो जाते हैं और उनमें सूजन पैदा हो जाती है।

## जमीन बेचने पर रोक लगाने की गुहार

**चित्रकूट, ब्यूरो।** सदर तहसील क्षेत्र के रानीपुर भट्ट गांव के निवासी शिव कुमार, बदनलाल व रामबहोरी ने बताया कि उनकी जमीन के सह खातेदार सुन्दरलाल ने अपने हिस्से की पूरी भूमि बेंच दी है। इसके बाद उसने अपने हिस्से से अधिक भूमि भी बेंची है। साथ ही सुन्दरलाल का नाम भी वर्तमान खतौनी में दर्ज है। जिससे वह शेष बची जमीन को भी का प्रयास कर रहा है। जिसके चलते आने वाले समय में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद होगा। ऐसे में सुन्दरलाल के जमीन बेंचने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

## एकमुस्त समाधान योजना के लिए 30 तक का मौका

**चित्रकूट, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की चित्रकूट शाखा के उपभोक्ता किसानों के लिए राहत की खबर है। एकमुश्त समाधान योजना की छूट की समयसीमा अब 30 सितंबर कर दी गई है। शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि बकाया जमा न करने पर कुर्की और नीलामी तक की कार्रवाई की जा सकती है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस समाधान योजना के तहत ब्याज में 30 फीसदी से लेकर सौ फीसदी तक की छूट का प्रावधान किया है। इसके अलावा 31 मार्च 2013 से लेकर 30 जून 2020 के बीच ऋण लेने के बाद मृत होने वाले किसानों के वारिसों के लिए भी ब्याज में तीस फीसदी छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की नियमावली के तहत जिले के बकायेदार किसानों में से जो किसान इस योजना की पात्रता की शर्तें पूरी करते हों 30 सितंबर के पूर्व योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि जो बकायेदार ओटीएस से आच्छादित नहीं हैं, वे जल्द से जल्द अपना बकाया अदा कर दें।

# नजूल रजिस्टर अपूर्ण मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी



**चित्रकूट, ब्यूरो।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न पटलों में अलमारियां खुलवाकर पत्रावलियों के रखरखाव का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने न्याय सहायक कक्ष के निरीक्षण के दौरान विविध पत्रावली, मजिस्ट्रियल जांच, हैसियत चरित्र प्रमाण पत्र, भूमि विवाद संबंधी एवं आर्थिक सहायता स्त्रियों का अवलोकन करते हुए न्याय सहायक अवध नारायण को निर्देश दिए की हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र के कितने आवेदन पत्र ऑनलाइन रिपोर्ट लगकर प्राप्त हुए हैं। तहसील से जो आवेदन पत्र रिपोर्ट लगकर आते हैं, उनका एक अलग से रजिस्टर बनाकर दर्ज करें। सामान्य लिपिक एवं डीएलआरसी कक्ष निरीक्षण के दौरान अधिग्रहण पुर्नग्रहण विविध याचिका आदि के बारे में डीएलआरसी से जानकारी की। जिलाधिकारी ने अपर उपजिलाधिकारी से कहा कि सभी उप जिलाधिकारियों को पत्र जारी करके यहां पर एक संपत्ति रजिस्टर बनाया जाए। उन्होंने सामान्य लिपिक से वेतन तथा विभागीय कार्यवाही इंक्रीमेंट आदि की जानकारी की। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रित में भर्ती के लिए कितनी पत्रावली लंबित है, उसका तत्काल निस्तारण कराएं। ई आर के कक्ष में प्रार्थना पत्र रजिस्टर रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गार्ड फाइल अवश्य बनाएं जो शासन से शासनादेश आते हैं, उसका रखरखाव ठीक ढंग से किया जाए। दैवी आपदा सहायक जग्गी लाल से नजूल रजिस्टर का अवलोकन किया। जिसमें जानकारी की कितनी जमीन नजूल की दर्ज है तथा कहां पर क्या निर्माण किया गया है, उसका अंकन न पाए जाने पर निर्देश दिए एक सप्ताह के अंदर कर्वी नगर के अलावा राजापुर, मानिकपुर, मऊ के भी नजूल के अभिलेख का रखरखाव कराएं। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि कलेक्ट्रेट के सभी पटलों पर गार्ड फाइल बनवाएं ताकि शासनादेशों का रखरखाव अच्छी तरह से हो सके तथा प्रत्येक 15 दिन में अवलोकन भी करें। उन्होंने अभिलेखागार का निरीक्षण किया, जहां पर अभिलेखागार प्रभारी चुनकावन प्रसाद को निर्देश दिए कि खतौनी सत्यापन में वकीलों को पेन लेकर अंदर कतई न आने दिया जाए तथा जो बैठने की व्यवस्था है।

## हर मोर्चे पर असफल है भाजपा सरकार: कुशल

**चित्रकूट, ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस की एक नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर अविरल पांडे जी व बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा जिस तरह से भाजपा की सरकार में महंगाई बढ़ रही है आप कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे बैठक में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुरुदीन प्रसाद दुबे जी व सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहना कर सभी का स्वागत किया गया और जिलाध्यक्ष गुरुदीन दुबे जी ने कहा युवा कांग्रेस के पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और सभी पदाधिकारी उत्तर प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूत करेंगे प्रदेश कोऑर्डिनेटर युवा कांग्रेश अविरल पांडे ने कहा इस समय सरकार जितनी भी परीक्षाएं करा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हमें महापुरुषों के विचारों का भारत बनाना होगा : लक्ष्मण आचार्य

भाजपाइयों ने दी पूर्व पार्षद स्वर्गीय दिलीप जायसवाल को श्रद्धांजलि



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने स्वर्गीय दिलीप जायसवाल के सचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि हमारा जीवन समाज के लिए प्रेरणा बने, हमें ऐसा जीवन जीना चाहिए। हमें महापुरुषों के विचारों पर चलकर उनके विचारों का भारत बनाना होगा। शुक्रवार को पार्षद किरन जायसवाल के संयोजन में स्वर्गीय पार्षद भाजपा के मिनी सदन के नेता रहे स्वर्गीय दिलीप जायसवाल की 12वीं पुण्यस्मरण दिवस पर स्वर्णिम युग की ओर भारत के बढ़ते कदम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी आज भारतवर्ष के सभी महापुरुषों के सपनों को पूरा करते हुए भारत को स्वर्णिम युग की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा स्वर्गीय दिलीप जायसवाल युवाओं के प्रेरणा रहे और उन्होंने राष्ट्रीय हित के लिए समर्पित होकर सेवा भाव से नई चेतना के साथ कार्य करने की जनचेतना जगाई थी। उन्होंने अनेक जन समस्या नगर निगम से लेकर विधानसभा तक पहुंचाने का कार्य किया था। ऐसे महान नेता को प्रेरणा लेकर हम लोगों को भी भारत के नव निर्माण कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना है। विशिष्ट अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल एवं विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप जायसवाल का जीवन समाज के सभी लोगों के लिए प्रेरक है। उनके अधूरे सपनों को पार्षद दिलीप किरन जायसवाल पूरा कर रही हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडे, रणजीत सिंह, मुरारी लाल अग्रवाल, अनीता सचान, शशि वार्ष्णेय, डॉ एलएस ओझा, पदुम जायसवाल, कुमार नारायण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका 'पार्षद किरन जायसवाल ने आए अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हमारी शक्ति हमारी क्षेत्र की जनता है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और वरिष्ठों का आशीर्वाद है। यह आशीर्वाद हम पर सदा बनाए रखिएगा, जिससे हम स्वर्गीय दिलीप जायसवाल के कार्यों को पूरा कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप जायसवाल लोकप्रिय नेता रहे और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को गति प्रदान की और अब उनके कार्यों को पार्षद किरन जायसवाल निभा रही हैं। संचालन राजेश केसरवानी ने एवं समापन मनोज मिश्र ने किया। कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, ज्ञानेश्वर शुक्ला, मृत्युंजय तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, विनोद अग्रवाल, मुन्ना यादव, गौरव गुप्ता, ओपी द्विवेदी, प्यारेलाल जायसवाल, सुधाकर पांडे, दिलीप केसरवानी, नरेंद्र जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वाहनों की टक्कर में बाइक सवार घायल हालत गंभीर

**डलमऊ, रायबरेली, (संवाददाता)।** बाइक और चार पहिया वाहन की हुई टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के द्वारा गौरा अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मनी का पुरवा ऊंचाहार निवासी सतीश मौर्या पुत्र जवाहर लाल मौर्या उम्र लगभग 28 वर्ष व ललित कुमार पुत्र कामता प्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी फूलबाग ऊंचाहार किसी काम से मुराई बाहर आ रहे थे तभी गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमधमा चौराहे के पास चार पहिया वाहन और बाइक में टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार युवक को गंभीर चोट आई है स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 112 के सिपाहियों की मदद से इलाज हेतु घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीन शाह गौरा भेजा गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार हेतु दीन शाह गौरा भिजवाया गया है।

# माइनर कट जाने से किसानो की फसलें हुई जलमग्न



**महराजगंज, रायबरेली, (संवाददाता)।** नहर विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते माइनर कट जाने के कारण लगभग 30 बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई है 1 सप्ताह बीत जाने के बाद भी सिंचाई विभाग के किसी भी कर्मचारी ने कटी हुई माइनर को बंद करवाने का काम नहीं किया है, जिसके चलते सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त है, आपको बता दें कि क्षेत्र के पूरे छत्ता का पुरवा मजरे पहाड़पुर गांव से निकलने वाली पिंडारी माइनर के विगत 5 दिन पूर्व कट जाने के चलते सुरेश यादव पुत्र स्वर्गीय रामसेवक यादव कि लगभग 5 बीघे फसल जलमग्न हो गई जबकि गांव के अनेक किसानों की फसलें भी जलमग्न हुई है तथा गांव के ही राम भरोसे पुत्र राम अवतार देशराज पुत्र रामभरोसे राजकुमार पुत्र रामाश्रय ननहु पुत्र ननकू भुनेश्वर पुत्र माता प्रसाद द्वारा अवैध रूप से माइनर में पाइप डाल दी गई थी जो तेज बहाव के कारण निकल गई और कट गई जिसके चलते गांव की लगभग 30 बीघे फसल जलमग्न हो गई है, जबकि शिकायतकर्ता विगत छह माह पूर्व अवैध पाइप डालने की शिकायत सुरेश यादव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता से ही किसानों की फसल जलमग्न हुई है, तथा माइनर कट जाने के चलते किसान हैरान व परेशान है जिनका पुरसाहाल जानने वाला कोई नहीं जिसकी शिकायत सिंचाई विभाग के कर्मचारी अधिकारी व कर्मचारीयों से कई बार की गई उसके बावजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी मामले में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता हेमंत वर्मा से दूरभाष पर बात की गई तो बताया कि मामला संज्ञान में है ऐ ई को मौके पर भेजकर जल्द ही निस्तारण किया जा रहा है।

## तहसील में संग्रह सेवक के पद पर तैनात कर्मचारी के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**महराजगंज/रायबरेली, (संवाददाता)।** तहसील में तैनात संग्रह विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अचानक निधन पर तहसील में शोक की लहर फैल गई। एसडीएम शालिग्राम वर्मा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन करके दिवंगत कर्मचारी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में तहसील के सभी अधिकारी/कर्मचारी व दोनों अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी मौजूद रहे। कर्मचारी को शोक व्यक्त करते हुए दोनों अधिवक्ता संघों ने शुक्रवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया। जिससे न्यायिक कामकाज भी नहीं हुआ और तहसील में सन्नाटा पसरा रहा। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के कुंभी गांव के रहने वाले ईश्वर दीन (55) महराजगंज तहसील मुख्यालय पर राजस्व संग्रह विभाग में संग्रह सेवक के पद पर तैनात थे। अचानक उनकी (55) वर्ष की आयु में उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। इसकी जानकारी जैसे ही तहसील के अधिकारियों/कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को हुई तहसील सभागार में एसडीएम शालिग्राम वर्मा की अध्यक्षा में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक विजय कुमार, तहसीलदार अनिल कुमार पाठक, नायब तहसीलदार सत्य प्रकाश के अलावा महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज के अध्यक्ष छोटेलाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, भूपेश मिश्रा, विद्यासागर अवस्थी, ज्योति प्रकाश अवस्थी, प्रदीप श्रीवास्तव समेत तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरदेव शुक्ला, नागेंद्र बहादुर सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा संग्रह सेवक संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार, राजेश कुमार, लेखपाल संघ के अध्यक्ष राजीव मिश्रा, राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार त्रिवेदी, पेशकार पवन कुमार, राजेश कुमार आदि बड़ी तादाद में कर्मचारी जगदीश यादव, जितेंद्र प्रताप सिंह, रामकिशोर, रामानंद, रामेश्वर आदि मौजूद रहे। दोनों अधिवक्ता संघों ने संयुक्त रुप से शोक प्रस्ताव पारित करके न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। जिससे अदालतों में सन्नाटा पसरा रहा।

# लखनऊ में एक और होटल सील 650 कोचिंग सेंटर को नोटिस

**लखनऊ, संवाददाता।** लेवाना सुइट्स की आग में 4 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद लखनऊ में करीब 5000 बिल्डिंग की पहचान की गई, जहां फायर फाइटिंग सिस्टम न के बराबर हैं। इमारतें ऐसी जगह हैं, जहां आग लगने पर दमकल की गाड़ियां तक नहीं जा सकती। इसके बाद भी लोग फायरएनओसी नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार से लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने एक्शन शुरू कर दिया है। सबसे पहले चारबाग में बने होटल एचएसजे को सील कर दिया है। होटल एचएसजे में साल 2008 में आग लगी थी। इसमें कई लोगों की मौत हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि होटल पिछले 4 साल से चल नहीं रहा था। आवासीय जमीन पर कॉमर्शियल निर्माण की वजह से होटल को सील किया गया है। शहर में अपार्टमेंट, होटल, कोचिंग सेंटर और हॉस्पिटल के साथ सरकारी भवनों तक में फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं हैं। ज्यादातर के पास एनओसी नहीं है। इसका ही नतीजा है कि लखनऊ में जनवरी से अगस्त, 2022 तक 1569 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि, विभाग के पास शहर की इमारत और एनओसी को लेकर कोई सटीक आंकड़ा भी नहीं है।

फायर विभाग ने शहर में चल रही 650 कोचिंग सेंटर्स को नोटिस भेजा है, जहां फायर के मानक पूरे नहीं है। सीएफओ विजय कुमार सिंह के मुताबिक, फायर सेफ्टी के मानक पूरे नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। फायर डिपार्टमेंट के टारगेट पर ऐसे भी सरकारी और गैर सरकारी अस्पताल, जिन्होंने नोटिस के बावजूद आग बुझाने के इंतजाम नहीं किए। लखनऊ के लोक बंधु अस्पताल और ईएसआई हॉस्पिटल तक में फायर फाइटिंग सिस्टम अपडेट नहीं है। सिर्फ 130 अस्पतालों के पास फायर विभाग की एनओसी हैं। पंडित राम सागर मिश्र 100 शय्या संयुक्त चिकित्सालय, उत्तर रेलवे मंडलीय चिकित्सालय, फायर स्टेशन आलमबाग और राम प्रकाश गुप्त शिशु एवं मातृ चिकित्सालय शहीद पथ को नोटिस दिया गया है। गोमतीनगर के सेवी ग्रैंड होटल आग लगने के कुछ ही दिन बाद खुल गया। शहर में पिछले दिनों गोमतीनगर में सेवी ग्रैंड होटल में बड़ी आग लगी थी, लेकिन वह दोबारा चलने लगा। इसी तरह चारबाग का विश्वनाथ होटल हो या हजरतगंज का एलोरा, वह भी आग की घटना के बाद से चालू है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद एनडीए ने बिना नक्शे और मानक के बने करीब 300 होटल को सील करने की बात कही है। जिसकी जल्द ही नोटिस जारी होगी। सूत्रों के मुताबिक, पहले छोटे होटलों को सील करने की बात चल रही थी। मगर, मुख्यमंत्री कार्यालय से सख्ती होने पर बड़े होटल पर पहले कार्रवाई होने जा रही है।

## हादसे में पति की मौत पत्नी घायल, अज्ञात वाहन ने रौंदा

**अलीगढ़।** बुलंदशहर से गणेश प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोग चिकित्सक के पास ले गए। जहां पति को मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल पत्नी की हालत गंभीर है। हादसा रामघाट रोड पर हुआ है। जानकारी के मुताबिक, अतरोली थाना इलाके के गांव बिरनेर निवासी रविंद्र कुमार (30) मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार चलाते हैं। बड़े भाई जितेंद्र ने बताया कि गांव में गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। प्रतिमा विसर्जन को ग्रामीण राजघाट नरोरा गए थे। गुरुवार रात्रि रविन्द्र अपनी पत्नी कुंती के साथ बाइक से वापस आ रहा था। इनके पीछे दूसरे वाहन से ग्रामीण चल रहे थे। रविंद्र की बाइक रामघाट रोड स्थित परमाणु केंद्र पुलिया के पास पहुंची थी। तभी अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मारकर भाग गए। हादसे में पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की भीड़ जुट गई।

## 15 सितंबर तक नोयडा में नही उड़ेंगे ड्रोन

❑ पीएम के दौरे के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर ने लगाई पाबंदी

**लखनऊ, संवाददाता।** नोएडा में 15 सितंबर तक आसमान में ड्रोन नहीं उड़ा सकतें हैं। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर ने आदेश जारी किया है जिसके तहत 15 सितंबर तक आसमान में ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकता। अब गौतमबुद्धनगर में रहने वाले 15 सितंबर तक आसमान में ड्रोन नहीं उड़ा सकतें है।गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने आदेश जारी किया है जिसके तहत 15 सितंबर तक गौतमबुद्धनगर में रहने वाले लोग ड्रोन नहीं उड़ा सकेंगे ।12 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ग्रेटर नोएडा आएंगे। जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तैयारी कर ली है।सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय ने आदेश जारी किया है।अब अगर गौतमबुद्धनगर में रहने वाला कोई भी व्यक्ति 8 सितंबर से 15 सितंबर के बीच ड्रोन उड़ाता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।ड्रोन उड़ाने वाले के खिलाफ धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।ड्रोन न उड़ाने को लेकर अपर पुलिस उपायुक्त अनिल कुमार यादव ने आदेश जारी किया है जिसके मुताबिक 12 सितंबर को स्मार्ट वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का आयोजन ग्रेटर नोएडा में हो रहा है, जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। समिट ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर होने वाली है जिसमे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कमिश्नर की तरह से यह कदम उठाया गया है। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के मुताबिक सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कमिश्नर ने तैयारी पूरी कर ली है। 12 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आयेंगे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 15 सितंबर तक जिले में कोई भी ड्रोन नहीं उड़ा सकेगा और कोई भी ड्रोन उड़ाता नजर आया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस कमिश्नर का यह नियम निजी ड्रोन से लेकर किसी भी संस्था तक पर लागू किया जाएगा।

# जामिया मिल्लिया में एएमयू के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर गुलरेज का ऑनलाइन व्याख्यान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर, प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज ने सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच जिओ-पोलिटिकल तनाव और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर इसके गहरे प्रभावों पर चर्चा की। प्रोफेसर गुलरेज जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के यूजीसी ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर तथा एमएमएजे अकादमी ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में 'अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन' पर आयोजित दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आनलाइन व्याख्यान दे रहे थे। यूएसएसआर के पतन और शीत युद्ध की समाप्ति के बाद की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन पर बोलते हुए, प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज ने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार दुनिया ने भू-राजनीति के एक नए चरण में प्रवेश किया। एएमयू के प्रो-वाइस चांसलर ने कहा कि इस चरण में अंतर्राष्ट्रीय संबंध इस तथ्य के कारण कट्टरपंथी परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजरे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख दिशानिर्देशों को नई श्रेणियों में फिर से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि शीत युद्ध के युग की कई विशेषताएं जो एक द्वि-ध्रुवीय दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को परिभाषित करती हैं, या पूरी तरह से गायब हो गई हैं या कम से कम नई श्रेणियों के लिए रास्ता देने वाली पार्श्व में धकेल दी गई हैं जो नई विश्व व्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रोफेसर गुलरेज ने जोर देकर कहा कि नई विश्व व्यवस्था, पहले की तुलना में अधिक लचीली और सकारात्मक साबित हुई, क्योंकि इसने कई प्रतिस्पर्धी और अत्यधिक आत्म-मुखर राष्ट्रों को विकास दिया जिन्हें मुख्य रूप से आर्थिक मानकों द्वारा आंका जाता है। उन्होंने नीति-उन्मुख अंतर्राष्ट्रीय संबंध अध्ययन की स्थापना पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय मामलों का अकादमिक रूप से ज्ञान पूर्व धारणाओं को चुनौती देता है और विविध परंपराओं और वैश्विक संबंधों की एक परिष्कृत प्रशंसा को बढ़ावा देता है जो भारत की क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भूमिका को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि चूंकि दुनिया छोटी होती जा रही है, मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था, वैश्वीकरण और विचारों और प्रौद्योगिकी के प्रसार के माध्यम से दुनिया के तेजी से बढ़ते एक-ध्रुवीकरण द्वारा त्वरित प्रक्रिया, आज की एक दुसरे पर आश्रित दुनिया की समस्याएं अब स्पष्ट नहीं हैं। प्रोफेसर गुलरेज ने कहा कि बढ़ती अन्योन्याश्रयता और तेजी से बदलाव की आधुनिक दुनिया में, राष्ट्रों और क्षेत्रों के बीच जटिल और विकसित संबंधों को समझने की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजन हर्षे (पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज), प्रोफेसर अजय दर्शन बेहरा (निदेशक एमएमएजे, जेएमआई) और प्रोफेसर अनीसुर रहमान (निदेशक एचआरडीसी, जेएमआई) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## बिना अफसरों को सूचित किये मसाला कारोबारी के घर दबिश

**लखनऊ, संवाददाता।** बिना अधिकारियों को सूचना दिए कानपुर के नौबस्ता क्षेत्र के रहने वाले मसाला कारोबारी के घर दबिश का वीडियो वायरल होने के बाद तीन प्रशिक्षणरत उपनिरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक कानपुर आउटर तेज स्वरूप सिंह ने निलम्बित किया है। प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी घाटमपुर को सौंपी गई है। गत दिनों कानपुर कमिश्नरेट के नौबस्ता थाना क्षेत्र में हंसपुरम निवासी मसाला कारोबारी के घर पुलिस अधिकारियों को बगैर सूचना दिए कानपुर आउटर के बिधनू थाना के न्यू आजाद नगर चौकी के प्रशिक्षणरत उपनिरीक्षक कुशलवीर राठी, दीपक कुमार और मोहित राणा ने दबिश दी थी। दबिश का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया। मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कानपुर आउटर ने आज प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर प्रशिक्षणरत उपनिरीक्षक कुलवीर राठी, दीपक कुमार और मोहित राणा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया और जांच क्षेत्राधिकारी घाटमपुर को सौंपी दी है।

योगी सरकार का बड़ा आदेश

# यूपी के सभी सरकारी अस्पतालों का नाम उर्दू में भी लिखा जाएगा



**लखनऊ, संवाददाता।** यूपी की योगी सरकार ने सरकारी अस्पतालों के नाम अब हिंदी के साथ-साथ उर्दू में भी लिखे जाने के अहम आदेश जारी किया है। राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में उर्दू में भी साइनबोर्ड और नेमप्लेट लिखे जाएंगे। इस पर चर्चा शुरू हो गई है। उन्नाव निवासी मोहम्मद हारून की एक शिकायत के बाद यह फैसला लिया गया है। जारी आदेश में साफ किया गया है कि प्रदेश में अब हिंदी के साथ उर्दू में भी अस्पतालों के नाम लिखे जाएंगे। सभी जिला अस्पतालों और सीएचसी- पीएचसी के भवनों के नाम हिंदी के साथ उर्दू में भी होंगे. स्वास्थ्य निदेशक की ओर से इस संबंध में सभी सीएमओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार की ओर से जारी आदेश में भवनों के नाम के साथ-साथ चिकित्सकों और कर्मचारियों के नाम और पदनाम भी हिंदी के साथ उर्दू में भी लिखने के निर्देश दिए गए हैं। अब उत्तर प्रदेश के सभी 167 सरकारी जिला अस्पतालों, 873 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 2934 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का नाम हिंदी के साथ-साथ उर्दू में भी लिखा जाएगा। दरअसल यूपी ने यूपी राजभाषा (संशोधन) अधिनियम, 1989 के माध्यम से दूसरी भाषा के रूप में उर्दू को अपनाया था, जिसने यूपी राजभाषा अधिनियम, 1951 में धारा 3 को जोड़ा था। हारून ने अपनी शिकायत में कहा था कि कई सरकारी विभाग राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा होने के बावजूद साइनेज पर उर्दू को छोड़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग सहित कई सरकारी विभाग सरकारी आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

## शहरों में जमीन खरीदने पर 50 फीसदी छूट

**लखनऊ, संवाददाता।** नई टाउनशिप पालिसी से शहरों में जमीन खरीदने में काफी राहत मिलेगी। स्टैम्प डियूटी के। होने से बिल्डरों की भी बल्ले बल्ले हो जायेगी। लखनऊ, आगरा, प्रयागराज समेत सभी शहरों में बिल्डरों को जमीन खरीदने पर स्टांप शुल्क में 50 फीसदीकी छूट मिलेगी। इसको लेकर आवास विभाग ने नई टाउनशिप नीति-2022 को ऑनलाइन किया हैं। नई टाउनशिप नीति 2022 के तहत टाउनशिप विकसित होने वाले क्षेत्र के बीच में आने वाली ग्राम समाज या सरकारी भूमि भी बिल्डर आसानी से ले सकेंगे। इससे बिल्डरों को टाउनशिप विकसित करने में आसानी होगी। इस नीति के तहत खेती या फिर अन्य उपयोग वाली जमीन भी आवासीय में बदलने की प्रक्रिया को आसान और सरल किया गया हैं। बिल्डरों को ग्राम समाज, सीलिंग और अन्य सरकारी भूमि के हस्तानांतरण के लिए शासन तक नहीं भागना पड़ेगा। मामलों को मंडलायुक्त 60 दिन में निस्तारित करेंगे।

## सीजेएम हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

**लखनऊ, संवाददाता।** लखीमपुर खीरी के नीमगांव इलाके में 2001 में तत्कालीन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी यानि सीजेएम बालक राम की डकैती के दौरान हुई हत्या के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। नीमगांव पुलिस सीमा के मितौली और बेहजाम कस्बों के बीच करीब आधा दर्जन हथियारबंद लुटेरों ने सड़क पर रास्ता जाम कर सीजेएम की हत्या कर दी थी। एडीजीसी रमा रमन सैनी ने अदालत के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा, अपर जिला न्यायाधीश अनिल कुमार यादव द्वितीय ने राम लखन, श्यामू सिंह और प्रेम पाल सिंह पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि तीनों को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। अदालत ने तीनों आरोपियों को धारा 412 डकैती के दौरान बेईमानी से संपत्ति प्राप्त करना के तहत भी दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और तीनों दोषियों पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। एक आरोपी राम लखन को शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत दोषी ठहराया गया था और अदालत ने उसे इस धारा के तहत एक साल के कारावास और 2,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। अदालत ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।एडीजीसी के मुताबिक 26 जनवरी 2001 को नीमगांव पुलिस सीमा के मितौली और बेहजाम कस्बों के बीच करीब आधा दर्जन हथियारबंद लुटेरों ने सड़क पर रास्ता जाम कर दिया था। उस समय तत्कालीन सीजेएम बालक राम अपनी कार से दो अन्य लोगों के साथ फर्रुखाबाद से लखीमपुर खीरी वापस जा रहे थे। इस दौरान लुटेरों ने सीजेएम बालक राम की कार की खिड़की का शीशा तोड़कर उन पर गोलियां चलाई तथा नकदी और अन्य कीमती सामान लूट लिया। डकैती के बाद लुटेरे फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच की और राम लखन, दिलीप कुमार, श्यामू और प्रेम पाल सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। मुकदमे के दौरान आरोपी दिलीप कुमार की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन आरोपियों राम लखन, श्यामू और प्रेम पाल सिंह को दोषी ठहराया गया।

# मदरसा सर्वे पर बोलीं मायावती, कहा, यूपी में मदरसों पर बीजेपी सरकार की टेढ़ी नजर




**लखनऊ, संवाददाता।** बसपा सुप्रीमो मायावती सूबे की सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि मुस्लिम समाज के शोषित उपेक्षित दंगा पीड़ित होने आदि की शिकायत कांग्रेस के जमाने में आ रही है। फिर भी बीजेपी द्वारा तुष्टीकरण के नाम पर अब संकीर्ण राजनीति करके सत्ता में आ जाने के बाद इनके दमन व आतंकित करने का खेल जारी है जो दुखद है वह निंदनीय है। इसी कड़ी में अब यूपी में मदरसों पर भाजपा सरकार की कड़ी नजर है। मदरसा सर्वे के नाम पर कौम के चंदे पर चलने वाले निजी मदरसों में भी हस्तक्षेप का प्रयास अनुचित है। जबकि सरकारी अनुदान से चलने वाले मदरसों के सरकारी स्कूलों की बदतर हालत को सुधारने पर सरकार को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आपको बता दें कि प्रदेश सरकार ने सभी मदरसों का सर्वे कराने का निर्देश देकर अल्पसंख्यक समुदाय के मन में एक नई आशंका को जन्म दे दिया है। अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ नेताओं ने इसको लेकर बयानबाजी भी शुरू कर दी है, तो मुसलमानों की बड़ी धार्मिक संस्था जमीअत-उलमा-ए-हिंद भी इस पर बारीक निगाह रखे हुए है। वहीं, सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री दानिश आजाद ने कहा है कि सरकार मदरसों की स्थिति का सर्वे कराकर उसको आधुनिक बनाने का काम करना चाहती है। इससे मुसलमान समुदाय के बच्चों का हित होगा। यदि सरकार के इरादे सही हैं तो इस मामले पर अल्पसंख्यक समुदाय के मन में आशंका के बादल क्यों मंडरा रहे हैं?

### विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर छह जानकीपुरम विस्तार में लगा वैक्सीनेशन कैम्प

**लखनऊ, संवाददाता।** जनविकास महासभा ने आज यहां विद्युत उपकेन्द्र, सेक्टर-छह, जानकीपुरम विस्तार में कोविड-19 वैक्सीनेषन कैम्प का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और वैक्सीनेषन लगवाया। परी पुस्तक के सहयोग से लगाये गये इस षिविर के शुभारम्भ मौके पर विद्युत उपकेंद्र के अधिशासी अभियंता आदर्श कुमार कौशल, लखनऊ जनविकास महासभा एवं लक्ष्य जन कल्याण समिति जानकीपुरम विस्तार के अध्यक्ष एसके बाजपेई, सामाजिक संस्था सोवट के अध्यक्ष डॉ. अगम दयाल, जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी 'एडवोकेट' प्रदेश मंत्री, अजय कुमार यादव एवं पण्डित महेंद्र मिश्रा, समाजसेवी रामकिशन साहू सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर शिविर आयोजकों ने क्षेत्र में कोविड-19 से बचाव के उपाय और वैक्सीनेशन के महत्व के प्रति जागरूक किया।

# अखिलेश के बयान पर मायावती के भतीजे का पलटवार, बोले, खुद तो एसी कमरे में सोते हो

**लखनऊ, संवाददाता।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती पर भाजपा के इशारे पर काम करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि वो अपनी ही जेल में कैद हैं और जेलर दिल्ली में बैठा हुआ है। इसे लेकर बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे व पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। आकाश आनंद ने अखिलेश पर तंज कसते कहा कि जेल में कौन कैद है, कौन जेलर है..ये बात वो कह रहे हैं, जिनके चाचा और रामपुर वाले अंकल आजतक ये नहीं समझ पाए कि वो एसी कमरे से बाहर क्यों नहीं निकलते? जिनके कार्यकर्ता ये पूछने की हिम्मत नहीं कर सकते कि वे दो बजे सोकर क्यों उठते हैं, वो अखिलेश यादव न जाने किस भ्रम में हैं। बता दें कि बीते दिन अखिलेश यादव ने मायावती पर निशाना साध कहा था कि मायावती बीजेपी के इशारों पर काम करती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी ही जेल में कैद हैं और जेलर दिल्ली में बैठा हुआ है। इसी बात पर भड़के मायावती के भतीजे ने अखिलेश पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर लगातार तीन ट्वीट किए। इसके साथ ही आकाश आनंद ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ अखिलेश यादव की मुलाकात कुछ तस्वीरें भी साझा की है। आकाश आनंद ने आगे कहा कि इन तस्वीरों में आपके हाव-भाव सारी कहानी खुल के बयां कर रहे हैं। कैसी बचकानी बातें करने लगे हैं, अखिलेश जी आप आज कल। अगर बीजेपी के कहने पर बीएसपी चल रही होती तो फिर साल 2019 के चुनाव में बीएसपी और सपा का गठबंधन किसके कहने पर हुआ। वहीं, राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को मायावती ने समर्थन किया था।